तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

12 45 समितियों में 17 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज...



14 ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक पाइप लाइन में...



# बार-बार बिजली गुल पर पॉवर कंपनी गंभीर, बनेगी राजधानी के फीडरों की कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बिजली के ज्यादातर फीडरों में रोज कई बार बिजली गुल होने के मामले को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने गंभीरता से लिया है। रायपुर सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा ने अपने सर्किल के सभी जोन के अधिकारियों को अपने-अपने जोन के फीडरों की पूरी कुंडली बनाकर देने के लिए कहा है कि किन फीडरों में रोज कितनी बार ट्रिप होने से बिजली गुल हो रही है। इसी के साथ बिजली गुल होने का कारण भी बताने कहा गया है।

पॉवर कंपनी के प्रदेश भर में 55 सौ से ज्यादा फीडर हैं।

## सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता ने सभी फीडरों की रिपोर्ट बनाकर देने के दिए निर्देश

खबर का असर

### मौसम की मार भी नहीं झेल पाते फीडर

फीडरों में ट्रिप होने के कारण जहां बिजली का गुल होना आम हो गया है, वहीं फीडर भी इतने ज्यादा कमजोर हैं कि ये मौसम की मार ही नहीं झेल पाते हैं। मौसम बदलने की देर नहीं है कि कई फीडरों की बिजली गुल हो जाती है। इसको लेकर भी पॉवर कंपनी के अधिकारियों के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं रहता है कि एक फीडर की बिजली बंद क्यों हो गई है जबकि उसी क्षेत्र के दूसरे फीडर की बिजली चालू है। उदाहरण के लिए आमतौर पर डीडीनगर जोन में मौसम खराब होते ही साइंस कॉलेज फीडर की बिजली गुल हो जाती है, जबकि डीडीनगर फीडर की बिजली गुल नहीं होती है। ऐसा ही कई जोन में होता है।


राजधानी में बिजली व्यवस्था बदहाल
आधा दर्जन इलाकों में 6 घंटे ब्लैकआउट

### जानकारी मांगी है

राजधानी के सभी जोन के अधिकारियों से उनके फीडरों की पूरी जानकारी मांगी गई है कि किस फीडर में रोज कितनी बार ट्रिप होने से बिजली बंद होती है। इसका कारण भी बताने के लिए कहा गया है।

**- महावीर विश्वकर्मा**
अधीक्षण अभियंता सर्किल वन

काफी समय से प्रदेश के सभी फीडरों में रोज कई बार ट्रिप होने के कारण पांच से दस मिनट के लिए बिजली का गुल होना आम बात हो गई है। राजधानी रायपुर के भी ज्यादातर फीडरों में यही हो रहा है। राजधानी का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां से आए दिन यह शिकायत नहीं होती है कि उनके क्षेत्र में रोज दो से चार बार बिजली गुल हो रही है। फीडरों में रोज क्यों ट्रिप होता है, इसकी कोई जानकारी अधिकारी नहीं दे पाते हैं। ट्रिप होने का कोई समय भी नहीं है। किसी भी समय ट्रिप होने के कारण बिजली गुल आम बात है। कभी रात को 12 बजे, कभी रात को तीन बजे तो कभी अल सुबह पांच बजे, कई बार सुबह, दोपहर से लेकर शाम को कभी भी बिजली गुल हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### सिटी सेंटर के पीछे दो दुकानों से लाखों की चोरी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक बुटिक तथा साड़ी पॉलिश सेंटर के संचालक तथा एक शू शोरूम के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ दुकान के कैश काउंटर से लाखों रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिटी सेंटर मॉल के पीछे सुराना मार्केट में शू शोरूम के संचालक महेश गुरनानी तथा बुटिक सेंटर के संचालक मोहिंदर पाल सहि खुराना ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों कारोबारियों ने पुलिस को बताया कि शनिवार को दुकान बंद कर घर जाने के बाद सोमवार को जब दुकान पहुंचे, तब चोरी का पता चला। उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर कैश काउंटर से अज्ञात चोर ने रुपए चोरी कर लिए थे। शू शोरूम के संचालक के यहां से चोर नकदी एक लाख 33 हजार तथा बुटिक सेंटर के संचालक के यहां से चोर एक लाख रुपए चोरी कर ले गया।

### एक सप्ताह में 90 ड्रंक एंड ड्राइव के मामले



**रायपुर।** शहर में नशे की वजह से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक के साथ थानों की पुलिस नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। ट्रैफिक पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर 90 वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा है। जो नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़े गए हैं, उन वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने जनवरी से लेकर जुलाई के बीच साढ़े 13 सौ नशेड़ी वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन कराने की कार्रवाई की है।

### बीच सड़क पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र स्थित साइंस सेंटर के पास बीच सड़क पर दो पक्षों में मारपीट होने का वीडियो वायरल हो रहा है। मारपीट की घटना रविवार रात आठ से नौ बजे के बीच की है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम पहुंची थी।



पेट्रोलिंग टीम के पहुंचने के पहले दोनों पक्ष मौके से गायब हो गए। पंडरी पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट करने वालों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### रोड क्रास कर रहे युवक की ट्रेलर से कुचलकर मौत

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र के सेजबहार में रोड क्रास कर रहे एक युवक की ट्रेलर से कुचल जाने पर मौत हो गई। मृतक गरियाबंद का रहने वाला है। वह किसी काम से सेजबहार आया था। घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार शाम साढ़े पांच बजे के आसपास की है। पुलिस के अनुसार ट्रेलर की चपेट में आने से उत्तम कुमार पटेल (33) की मौत हुई है। मौके ▶▶|शेष पेज 13 पर

बड़ी राहत....नौ माह में 70 से ज्यादा लोगों ने घर पर कराई रजिस्ट्री

# 25 हजार में घर बैठे रजिस्ट्री, 15 हजार में टाइम स्लाट भी, विभाग का भरा खजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा से एक ओर जहां लोगों के पंजीयन कार्यालय आने-जाने में लगने वाले समय की बचत हो रही है, वहीं दूसरी ओर इस सुविधा ने विभाग की राजस्व कमाई भी बढ़ा दी है। पिछले करीब 9 माह में इस नई व्यवस्था के तहत राजधानी रायपुर में 70 से ज्यादा लोगों ने अपने घर पर ही प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराई है, जिससे विभाग को 17 लाख से अधिक की आय हुई है। घर बैठे रजिस्ट्री कराने के लिए 25 हजार रुपए शुल्क निर्धारित है, जिसका भुगतान कर लोग आसानी से घर बैठे रजिस्ट्री करा रहे हैं। इसी तरह 15 हजार में टाइम स्लाट लेकर रजिस्ट्री करवाने वालों से 15 हजार लिया जा रहा है। इसमें 200 रजिस्ट्री हुई है, जिससे तीस लाख की कमाई हुई है।

### दिसंबर 2024 से लागू है नई व्यवस्था

प्रदेश में घर बैठे रजिस्ट्री कराने की नई व्यवस्था दिसंबर 2024 से लागू है। इससे पहले घर बैठे रजिस्ट्री कराने का प्रावधान मेडिकल ग्राउंड पर ही संभव था। इसके लिए भी क्रेता या विक्रेता की गंभीर बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने जैसी विशेष परिस्थितियों को देखकर अनुमति दी जाती थी। अब नई व्यवस्था के तहत कोई भी 25 हजार रुपए का शुल्क देकर घर बैठे रजिस्ट्री करा सकता है।

## विभाग की राजस्व कमाई बढ़ा दी इस सुविधा ने



### 15 हजार देकर टाइम स्लॉट से अलग समय लेकर भी करा रहे रजिस्ट्री

घर बैठे रजिस्ट्री के साथ कई लोग टाइम स्लॉट से अलग समय लेकर भी रजिस्ट्री करा रहे हैं। इसके लिए भी विभाग ने 15 हजार रुपए फीस निर्धारित किया है। यह व्यवस्था भी दिसंबर 2024 से लागू है। सूत्रों के अनुसार इस व्यवस्था के तहत भी जिले में दो सौ से ज्यादा रजिस्ट्री हुई है। इससे भी विभाग की कमाई बढ़ी है, वहीं लोग भी टाइम स्लॉट से अलग अपने द्वारा मांगे समय पर रजिस्ट्री करा रहे हैं।

### घर बैठे रजिस्ट्री से बड़ी राहत

घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। यह सुविधा लेने वालों को रजिस्ट्री कार्यालय आना नहीं पड़ता। 25 हजार शुल्क पर टीम घर जाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दस्तावेज ऑनलाइन चढ़ा दिए जाते हैं।

**- विनोज कोचे,** पंजीयक रायपुर

### लोगों को राहत विभाग की बढ़ी कमाई

इस नई व्यवस्था से एक ओर जहां लोगों को घर बैठे रजिस्ट्री कराने की राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर इससे विभाग की कमाई भी बढ़ गई है। विभाग प्रति रजिस्ट्री के एवज में 25 हजार रुपए शुल्क ले रहा है। इससे विभाग की कमाई बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 100 से ज्यादा लोगों ने घर बैठे रजिस्ट्री कराई है, जिससे 25 लाख रुपए से अधिक कमाई भी हुई है।

### इस तरह हो रही घर बैठे रजिस्ट्री

घर बैठे रजिस्ट्री के लिए पंजीयन कार्यालय में आवेदन किया जाता है। इस आवेदन के बाद पंजीयन विभाग की टीम पंजीयन रजिस्टर लेकर संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचती है। रजिस्टर में एंट्री करने के बाद रजिस्ट्री की तारीख निर्धारित की जाती है। इसके बाद व्यक्ति 25 हजार रुपए का शुल्क के साथ रजिस्ट्री के हस्ताक्षरयुक्त सारे दस्तावेज उपलब्ध कराता है। इस दौरान रजिस्टर में व्यक्ति के हस्ताक्षर भी लिए जाते हैं। इसके बाद टीम कार्यालय ले जाकर दस्तावेजों को ऑनलाइन चढ़ाकर रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया करता है।

# जिस शासकीय स्कूल में बच्चों ने किया टॉप, वहीं शिक्षकों की कमी के साथ बुनियादी सुविधाएं नहीं



### 11वीं-12वीं अंग्रेजी कॉमर्स एवं कला कोर्स नहीं

अंग्रेजी हायर सेकंडरी स्कूल में तो 11वीं और 12वीं का कॉमर्स एवं कला कोर्स तक नहीं है। इस कारण कई बच्चों को दसवीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़कर दूसरे स्कूल में जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर स्थित आत्मानंद स्कूल जहां कई विषयवार शिक्षकों, कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है, वहीं यहां बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है, जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों के साथ पदस्थ शिक्षकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकर हैरानी होगी कि इस स्कूल से दसवीं कक्षा के एक छात्र ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है। इसके अलावा अन्य कई बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके बाद भी यह स्कूल शिक्षकों के साथ बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है।

**जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सुविधाएं मुहैया कराने कलेक्टर को लिखा पत्र :** जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदू ने बताया कि लालपुर आत्मानंद स्कूल का वे खुद निरीक्षण करने गए थे। इस निरीक्षण ▶▶|शेष पेज 13 पर

### चौकीदार, भृत्य नहीं शौचालय की स्थिति खराब

आत्मानंद लालपुर स्कूल दिखने में बहुत बड़ा है। यहां अंग्रेजी और हिन्दी दोनों स्कूल अलग-अलग समय पर लगते हैं। इसके बाद भी इस स्कूल में एक भी न ही चौकीदार है और न ही भृत्य। इसके कारण इस स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी पालक हमेशा चिंतित रहते हैं। स्कूल में बालक और बालिका के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं, लेकिन इनकी हालत भी बहुत खराब है। कर्मचारी की कमी के कारण शौचालयों की नियमिति सफाई तक नहीं हो पाती है, जिसके कारण बच्चों को गंदगीयुक्त शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बालिका शौचालय की स्थिति और ज्यादा खराब है, जिसका दरवाजा तक क्षतिग्रस्त हो गया है।

# विमानतल पर लावारिस बैग ने मचाया हड़कंप, जांच के बाद पता चला यह सुरक्षा का पूर्वाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विमानों का ऑपरेशन बंद होने के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 11 बजे लावारिस बैग होने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौजूद सुरक्षा एजेंसी के जवानों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैग को खोज निकाला तब पता चला कि जांच की कवायद सुरक्षा का पूर्वाभ्यास था। यह मॉकड्रिल रविवार की रात पूरा किया गया और स्थानीय पुलिस को केवल इसकी सूचना दी गई।

- **रविवार रात एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी का मॉकड्रिल, पुलिस को केवल सूचना**

विभिन्न एयरपोर्ट को मिल रही धमकियों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए तैनात सुरक्षा एजेंसी विभिन्न तरीके के मॉकड्रिल के माध्यम से रिस्पांस टाइम चेक कर रही है। रविवार की रात रायपुर एयरपोर्ट बंद होने के बाद वहां तैनात सुरक्षा जवानों को सूचना मिली की वहां एक लावारिस बैग पड़ा हुआ है, जिसमें बम हो सकता है। सूचना मिलते ही सुरक्षा जवान सक्रिय हुए और विमानतल परिसर की तलाशी लेने के बाद एक छोटे बैग को बरामद कर लिया। लगभग आधे घंटे तक यह प्रक्रिया चली, जिसके बाद सुरक्षा जवानों को बताया गया कि यह मॉकड्रिल था। सुरक्षा एजेंसी ने सुरक्षा व्यवस्था के पूर्वाभ्यास के लिए लावारिस बैग वाला तरीका अपनाया था। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यात्रियों की संख्या पचास हजार पहुंची

इधर पिछले सप्ताह उड़ान कम होने के बाद भी यात्रियों की संख्या में कम में बढ़ोतरी हुई है। 18 से 24 अगस्त के बीच माना एयरपोर्ट से पचास हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। इसमें आने वाले यात्रियों की संख्या रवाना होने वालों की तुलना में कम थी। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले महीने से बारिश कम होने और त्योहार नजदीक आने के बाद यात्रियों की संख्या में और इजाफा हो जाएगा।

## दिव्य प्रतिमाओं से सजा बाजार...



**रायपुर।** शहर के बाजारों में दिव्य गणपति प्रतिमाएं अपने घर-ऑफिस और सोसाइटियों में ले जाने श्रद्धालु आतुर हैं। अपने परिजनों, बच्चों के साथ वे बाजार में गणेश प्रतिमा पसंद करने पहुंच रहे। साज-सज्जा की दुकानों पर भी काफी भीड़ उमड़ रही है।

# डायरिया संक्रमण से मल्टीआर्गन फेल युवा डाक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिन पहले लूज मोशन की शिकायत के बाद संक्रमित हुए राजधानी के युवा डाक्टर की मौत हो गई। डायरिया के संक्रमण की वजह से उन्हें सेप्टीसीमिया के कारण सारे आर्गन फेल हो गए। युवा डाक्टर तरुणेश राज वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा संचालक कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में पदस्थ थे।



- **दो दिन पहले लूज मोशन की शिकायत के बाद सेप्टीसीमिया**

बताया जाता है कि डायरिया की शिकायत के बाद दो दिन पहले देवेन्द्र नगर के निजी अस्पताल में दाखिल किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने और डायरिया की वजह से सेप्टीसीमिया होने के कारण उन्हें बालाजी हास्पिटल रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को जब उन्हें बड़े अस्पताल में शिफ्ट किया गया तब तक हालत काफी बिगड़ गई थी और उनके आर्गन एक-एक कर फेल होने लगे थे और सुबह सवा दस बजे के लगभग उन्होंने अंतिम सांस ली। 43 वर्षीय तरुणेश राज पूर्व में मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार थे और वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा ▶▶|शेष पेज 13 पर

*बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही*

# लॉ छात्रा के साथ छेड़छाड़, कॉल मी सर्विसेस के दो सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाने में कलिंगा यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने सरकारी भवन, मंत्रालय, सचिवालय में मेंटेनेंस का काम करने वाले दो सुपरवाइजर के खिलाफ छेड़खानी करने, धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3(5), 351(2), 74, 75(1), 78 के तहत अपराध दर्ज किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हैं। युवती के बयान के आधार पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अफसरों के साथ पहचान होने की दिखाई धौंस

छात्रा ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसमें युवती ने उल्लेख किया है कि छेड़खानी का विरोध करने पर दोनों लड़के उसे धमकी देते थे। साथ ही अफसरों के साथ पहुंच तथा रसूख का भय दिखाकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# चौबे ने कहा- जनता चाहती है प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालें भूपेश, गरमाई राजनीति

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता रविंद्र चौबे ने उनके जन्मदिन पर कहा, प्रदेश की जनता चाहती है कि कांग्रेस की कमान भूपेश बघेल संभालें। उन्होंने दावा किया कि उनके नेतृत्व में 2028 में फिर से कांग्रेस की सरकार बन सकती है।

रविंद्र चौबे ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बघेल का हाथ मजबूत करना होगा। जिस तरह 2013 से 2018 के बीच कार्यकर्ताओं ने मिलकर भाजपा की 15 साल की सत्ता को खत्म किया था, उसी तरह आने वाले समय में भी मजबूती से लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल ही ऐसे नेता हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ खुलकर आवाज उठा रहे हैं।

## चौबे के बयान को कांग्रेस के अंदरूनी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा

### पीसीसी नेतृत्व को लेकर अटकलें

चौबे के इस बयान को कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। मौजूदा समय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज हैं, लेकिन चौबे का बघेल के नेतृत्व पर जोर देना संगठन के भीतर असंतोष का संकेत माना जा रहा है।



### चौबे के भरोसे से कुछ होने वाला नहीं- साव

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फिर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने संबंधी बयान को लेकर राज्य की राजनीति गरमा रही है। इस मामले में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कलह पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस में आंतरिक कलह कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस के नेता आपस में झगड़ते हैं और इनके झगड़े का कोई अंत नहीं है। इसीलिए ये कार्यकर्ताओं एवं जनता का विश्वास खो चुकी है। वहीं कांग्रेस को ही भूपेश बघेल पर भरोसा नहीं है, क्योंकि इनके नेतृत्व में ही कांग्रेस की लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में हार हुई है। और जब जनता और पार्टी को भरोसा नहीं है, तो रविन्द्र चौबे के भरोसे से कुछ होने वाला नहीं है।

### किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं

उन्होंने यह भी कहा, इसी कारण उन्हें और उनके परिवार को ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। चौबे ने तंज कसते हुए कहा, ईडी भी सुन ले, भूपेश बघेल शेर हैं, डरने वाले नेता नहीं। कांग्रेस का यह नेता महात्मा गांधी के रास्ते पर चलता है और किसी दबाव में झुकने वाला नहीं है।

### कांग्रेस नेता चौबे के बयान पर पायलट से शिकायत

कांग्रेस नेता रविंद्र चौबे के बयान को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि संगठन को अस्थिर करने का प्रयास वरिष्ठ नेता द्वारा किया जा रहा है। हालांकि अधिकृत तौर पर कोई नेता खुलकर नहीं बोल रहा है। इधर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इस बयान के बाद कहा कि रविंद्र चौबे महाज्ञानी नेता हैं। उसके बयान पर कोई टिप्पणी नहीं।

## खबर संक्षेप



### नवाचार की ओर एक कदम एआई के संग पर कार्यशाला

रायपुर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में स्कूल शिक्षा विभाग ने एआई आधारित कार्यशाला नवाचार की ओर एक कदम एआई के संग का आयोजन किया। इसमें प्रोजेक्ट उदघोष टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यशाला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सरकारी योजनाओं और कार्यों को अधिक प्रभावी व आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की तकनीकी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से किया। इसमें एआई विशेषज्ञ नितेश सिन्हा एवं सूरज यादव ने प्रतिभागियों को बताया कि वीडियो निर्माण के क्षेत्र में एआई का किस प्रकार नवाचारपूर्ण उपयोग कर प्रस्तुतिकरण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है।

### डीए का आदेश जारी, सितंबर के वेतन से मिलेगा लाभ

रायपुर। राज्य शासन के कर्मचारियों के 2 प्रतिशत डीए में बढ़ोत्तरी का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में 1 मार्च से सातवें वेतनमान को 53 प्रतिशत की दर से डीए दिया जा रहा था। इसमें 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वहीं छठवें वेतनमान वाले कर्मचारियों को 248 प्रतिशत डीए दिया जा रहा था। इसमें 6 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 252 प्रतिशत करने का आदेश जारी किया गया है। बढ़ा हुआ भत्ता सितंबर का वेतन जो अक्टूबर में देय होगा, इसका लाभ मिलेगा।

### नेत्रदान पखवाड़ा प्रारंभ

रायपुर। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम आज जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी एवं जिला नोडल अफसर अंधत्व डॉक्टर अनसूया दत्त की उपस्थिति में किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर संतोष भंडारी ने बताया कि नेत्रदान कब कैसे कहां किया जा सकता है। वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव एव संजय पाटिल जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर ने जानकारी दी कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान की जा सकती है। अतः अधिक से अधिक संख्या में नेत्रदान करवाने हेतु प्रयास करने की अपील की गई।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे ने दी।

### सतोष पांडेय बोले

## कांग्रेस के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं नक्सलवाद समर्थक

रायपुर। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडेय ने इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को नक्सलवाद समर्थक बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी की कटु निंदा की है। उनका कहना है, कांग्रेस सरकार में श्री बघेल ने अपनी पूरी सरकार को कोयला, शराब, पीएससी, डीएमएफ, महादेव सट्टा एप समेत अनेक घोटलों में झोंक दिया और उनमें अनेक नेता, अधिकारी, दलाल जेल में बंद हैं। श्री बघेल और उनकी सरकार ने कभी बस्तर के आदिवासियों की फिक्र तक नहीं की,



आज श्री रेड्डी को उम्मीदवार बनाने वाली कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भाषा की मर्यादा तक भुला बैठे हैं। श्री पांडेय ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेसनीत इंडी गठबंधन ने एक ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जो माओवादी विचारधारा से प्रेरित हैं और सलवा जुडूम के खिलाफ दिया गया उनका निर्णय बस्तर और बस्तर के आदिवासियों के विरोध में रहा। यहां तक कि श्री रेड्डी का फैसला प्रदेश के कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ रहा। स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व. नन्दकुमार पटेल आदि झीरम नक्सली हिंसा में शहीद कांग्रेस नेताओं को याद करते हुए श्री पांडेय ने कहा, यदि सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं आता तो प्रदेश में नक्सलवाद तो बहुत पहले ही खत्म हो जाता। श्री रेड्डी ने तब नक्सलियों के कार्य को क्रांतिकारी तक बताया। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में इतने महत्वपूर्ण पद के ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाना यकीनन देश के लिए चिंता का विषय है। श्री पांडेय ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के प्रति प्रयुक्त भाषा पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा, इस तरह की अमर्यादित भाषा न केवल राजनीतिक, अपितु पारिवारिक संस्कारहीनता की परिचायक है।

# 45 समितियों में 17 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज

### इनसे साढ़े तीन करोड़ रुपए की वसूली बिलों में कटौती कर होगी

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

रायपुर जिले में 45 समितियों में 17 हजार क्विंटल से ज्यादा धान शॉर्टेज मिला है। धान शॉर्टेज मिलने के कारण मिलर भी इन समितियों से धान का उठाव नहीं कर पाए। इधर इस मामले में जिला सहकारी विपणन संघ मर्यादित विभाग अब शॉर्टेज धान के बदले में समितियों से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि वसूल करेगा। इसके लिए समितियों के बिलों में कटौती कर भुगतान किया जाएगा।

### पोर्टल में दिखा रहा धान समितियों से गायब

रायपुर जिले में 139 उपार्जन केंद्र हैं। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 69 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इनमें से 45 उपार्जन केंद्रों में 17189.30 क्विंटल धान शॉटेज मिला है। इसमें मोटा धान 1126.72 क्विंटल एवं पतला धान 75.04 क्विंटल तथा शेष सरना है। शॉर्टेज धान की कुल कीमत लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि समितियों में जितना धान शॉर्टेज मिला है वह धान विभाग के पोर्टल में दिखाई दे रहा है, लेकिन समितियों के पास नहीं है।



### सूखद के कारण धान गायब

जिन समितियों में धान शॉर्टेज मिला है। उन समितियों में विभाग के अफसर जांच करने भी पहुंचे थे। कुछ समितियों के प्रबंधकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मार्कफेड एवं मिलरों की लापरवाही के कारण धान शॉटेज हुआ है। प्रबंधकों का कहना है कि धान का उठाव करने में विभाग और मिलरों ने दो से तीन महीने बाद तक धान का उठाव किया, जिससे सूखकर धान का वजन कम हो गया।

### सूखद में छूट नहीं

समिति प्रबंधकों के अनुसार धान में सूखद आता है। इसे विभाग भी जानता है। इसी कारण से करीब तीन साल पहले समितियों को धान शॉर्टेज की स्थिति में करीब 0.5 प्रतिशत की छूट दी गई थी, लेकिन इस बार यह छूट भी नहीं दी गई है, जबकि ज्यादातर समितियों में 99 प्रतिशत से ज्यादा धान का उठाव हो चुका है।

### इन उपार्जन केंद्रों में शॉर्टेज मिला

अभनपुर, आरंग, पारागांव-आरंग, केंद्री, कोरासी, खमतराई, खिलौरा-खोरपा, गुल्लू, गोईदा, गौरभाठ, चंडी, चपरीद, चांपाझर, छड़िया, जरौद, जामगांव, टीला, टोहड़ा, तोरला, देवरी परसकोल, नगपुरा, पचेड़ा-अभनपुर, पचरी, पंधी, पिपरौद, पौंड,फरफौद, बंजारी, बेंद्री, बाना, भंडार, भलेरा, भानसोज, भिलाई-आरंग, मुनरेठी, मांठ, मानिकचौरी, मोखला, रींवा, लखौली, सकरी-अभनपुर, संकरी-भैंसा, सुंदरकेरा, सेमरिया, सिवनी-अभनपुर शामिल है।

### बिलों में कटोती कर वसूली

जिन उपार्जन केंद्रों में धान शॉटेज मिला है। उन केंद्रों के बिलों को भुगतान की जाने वाली राशि में शॉटेज धान की कीमत कटौती कर वसूल की जाएगी। इस संबंध में सभी केंद्रों को सूचना दे दी गई है।

- जसवीर सिंह बघेल
डीएमओ, विपणन संघ मर्यादित रायपुर

## केंद्रीय वनमंत्री से कश्यप ने की भेंट, बस्तर में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर



रायपुर। प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप एक दिवसीय दिल्ली प्रवास पर हैं, जहां उन्होंने ने छत्तीसगढ़ के विकास और उन्नति को लेकर केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। वहीं नक्सलमुक्त बस्तर में आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, वन आधारित रोजगार व इको टूरिज्म को लेकर चर्चा की है। मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि बस्तर जिला नक्सल मुक्त हो चुका है। वहां के आदिवासियों, युवक युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा, बस्तर सार्वधिक वन आच्छादित क्षेत्र है, जहां वन आधारित उद्योग स्थापित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। साथ ही इंद्रावती, कांगेर घाटी, तीरथगढ़, चित्रकोट जैसे अन्य स्थानों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल पर स्थापित करने के उद्देश्य भारत सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने विस्तृत चर्चा की।

### बस्तर आने का दिया न्योता

मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव को बस्तर की वर्तमान स्थिति और वहां की जरूरतों के बारे में जानकारी देते हुए बस्तर प्रवास के लिये आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा, बस्तर की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध संस्कृति है। प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण बस्तर का विकास विष्णुदेव साय सरकार का संकल्प है।

# यादव ने कहा- शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद की विभागीय काम-काज की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा, बच्चों को शिक्षित करना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और शिक्षण को विभागीय कार्यप्रणाली का केंद्र बिंदु बनाएं। श्री यादव ने सोमवार को मंत्रालय में पदभार ग्रहण करने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा, शिक्षा से ही समाज और प्रदेश का भविष्य सुरक्षित होता है, इसलिए विद्यालयों में पढ़ाई की नियमित निगरानी करना शिक्षा विभाग के प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा, उन्हें अपने क्षेत्र की प्रत्येक शाला की स्थिति की सम्पूर्ण और अद्यतन जानकारी रखना होगा। इसके लिए स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर प्राचार्यों, प्रधान पाठकों और शिक्षकों से संवाद करते रहें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की सक्रियता और जिम्मेदारी से ही विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है।



### दूधाधारी मठ में पूजा, महंत से लिया आशीर्वाद

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने मंत्रालय का कार्यभार संभालने से पहले दूधाधारी मठ जाकर पूजा-अर्चना की और महंत राम सुंदर दास का आशीर्वा लिया। इसके बाद उन्होंने मंत्रालय स्थित अपने कक्ष में पूजा-अर्चना कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

### शिक्षकीय प्रशिक्षण का वार्षिक कैलेंडर बनेगा

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षकीय प्रशिक्षण के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में ही आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यालयीन शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को नई तकनीकों, नवाचारों एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना आवश्यक है।

### विभागीय कार्यों में आपसी समन्वय पर जोर

श्री यादव ने स्पष्ट कहा, शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें। विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को तभी प्रभावी बनाया जा सकता है, जब अधिकारी, शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन मिलकर एक साझा दृष्टिकोण के साथ काम करें।

### विभाग की योजनाओं की दी जानकारी

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने विभागीय संरचना, योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी। इस दौरान विभाग में संचालित प्रमुख योजनाओं और उनकी प्रगति पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले भी उपस्थित थीं।

# भाजपा के मोर्चा अध्यक्षों ने संभाला कार्यभार

संगठन की मजबूती की जिम्मेदारी आप सब पर : पवन साय



हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

प्रदेश भाजपा के छह मोर्चा के अध्यक्षों ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को पदभार संभाला। इसके पहले भाजयुमो ने एक बाइक रैली निकाली। पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय के साथ ही प्रदेश के महामंत्री और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पवन साय ने कहा, संगठन को अब और मजबूत करने का जिम्मा आप सभी पर है।

पवन साय ने नवनियुक्त सभी मोर्चा अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा, आप सभी को नई जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना है। पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी समय-समय पर दी जाती है उन जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना होता है। भाजपा देश की सेवा करने वाली पार्टी है जो जनता के बीच में जाकर उनके सुख और दुख दोनों में शामिल होते हैं। हमें जनता के बीच जाकर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की रीति नीति और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताना है। उन्होंने कहा, कार्यकर्ता की बदौलत ही प्रदेश में हमारी सरकार बनी है और कार्यकर्ता पार्टी का आधार होते हैं। हमें कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर चलना है।

### मोर्चा अध्यक्ष बोले- जिम्मेदारी पर खरे उतरेंगे

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा, संगठन द्वारा जो नई जिम्मेदारी दी गई है उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। संगठन की मजबूती के लिए हम सबको जुटना होगा। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, मातृशक्ति की मजबूती के लिए हम सब जुटेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का समग्र विकास हो रहा है। महतारी वंदन सहित कई योजनाओं के माध्यम से हमारी बहनों की चिंता हो रही है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हम सबका लक्ष्य होगा। पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने में हमारी भूमिका अहम होगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा, भाजपा में ही एक छोटे से कार्यकर्ता को उसके कर्मयोग के आधार पर सर्वोच्च दायित्व दिया जाता है जिससे वह सदैव समाज कल्याण के लिए प्रेरित रहता है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान ने कहा, सर्व उत्थान के संकल्प के साथ हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। जिस उम्मीद के साथ पार्टी नेतृत्व ने जिम्मेदारी दी है उस पर हम सब खरा उतरेंगे। भाजयुमो के अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा, एक तालमेल के साथ युवा मोर्चा का कार्य होगा। युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। सरकार की योजनाओं को साथ लेकर चला जाएगा। नई जिम्मेदारी का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने किया एवं आभार प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, रूपकुमारी चौधरी, रंजना साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, विधायक डोमनाल कोर्सेवाड़ा, दीपेश साहू, शकुंतला पोर्ते, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, संध्या परगनिया, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सहित बड़ी संख्या में सभी मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 25/08/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक अनिल कुमार साहू पिता श्री त्रिलोचन साहू नि. म.नं. 179, आफिसर कालोनी धरमपुरा रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 187/34 रकबा 0.0374 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. 1 क/वाचक/तहसीलदार/2025 अ-12 वर्ष आदेश दिनांक 20/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 08/09/2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजना गातापार अभनपुर रायपुर में ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमाक 57 को श्रीमति ललिता बाई साहू पति श्री धनेश राम साहू पता-लिमतरा रोड, वार्ड न. 15 रावणगुड़ा धमतरी छ.ग हाल पता ग्राम संकरी तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) एवं श्री सतीश चतुर्वेदी पिता मुन्ना लाल चतुर्वेदी पता- पता वार्ड नं 06 सतनामी पारा कुरूं चेरिया कुरूं अभनपुर रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा किया गया है। रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। वर्तमान में प्राप्त आवेदन अनुसार भवन के मूल आबंटी श्रीमति ललिता बाई साहू पति श्री धनेश राम साहू का नाम विलोपन कर सह आबंटी श्री सतीश चतुर्वेदी पिता श्री मुन्ना लाल चतुर्वेदी के पक्ष में हकत्याग किया जाना है।

अतः अटल आवास योजना गातापार अभनपुर रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. भवन क्रमांक 57 में श्रीमति ललिता बाई साहू पति श्री धनेश राम साहू का नाम विलोपन कर श्री सतीश चतुर्वेदी पिता श्री मुन्ना लाल चतुर्वेदी के पक्ष में हकत्याग करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला - रायपुर

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 25/08/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक **किशन अग्रवाल पिता संपत अग्रवाल निवासी वालफोर्ट सिटी, भाटागांव, रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 484 / 25, 491/2, 491/3, 491/5, 491/7, 492/2, 492/5 रकबा क्रमशः 0.1560 हे., 0.0580 हे., 0.0930हे., 0.0850हे. 0.0470हे., 0. 0420हे., 0.0350 हे.. कुल खसरा नं.07, कुल रकबा 0.5160 हे.. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.08.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 29/08/2025 को दोपहर 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांनक/बटांकन कार्य किया जा सकता है । सीमांकन / बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर 20
तहसील - रायपुर

## सभी दवाओं पर जीएसटी 1 फीसदी करने पीएमओ कार्यालय को पत्र

रायपुर। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने पीएमओ कार्यालय को पत्र लिख कर मांग की है कि सभी प्रकार की दवाओ पर जी एस टी 1 प्रतिशत किया जाये। उन्होंने बताया की सरकार अनेक वस्तुओ पर जीएसटी की कटौती करने जा रही है जिसका स्वागत करते है। देश में जो जीवन रक्षक दवाओं की बिक्री की जा रही है उसे पर चार प्रकार की टैक्स दरें आरोपित की जाती है। जैसे 0 से 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत 18 प्रतिशत की दर प्रचलित है। आम जनता को दवाओं की खरीदी मजबूरी में करती है। कुछ बीमारियों डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मिर्गी, मानसिक विकारों, हार्ट आदि की दवाएं जीवन भर खानी पड़ती हैं। ऐसे में दवा की कीमत के साथ टैक्स से उसकी कीमत में वृद्धि हो जाती है जो आम जनता को आर्थिक रूप से कमजोर करती है।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वृद्ध महिला को मिली घरेलू सामग्री दान में

**अभनपुर।** जगदगुरु संत रामपाल जी महाराज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत ग्राम ठेलकाबांधा की 85 वर्षीय फेंकन बाई धीवर को राशन, कपड़े व दैनिक जरूरत की सामग्री प्रदान की गई। अकेली रह रहीं वृद्धा के पास आय का कोई साधन नहीं है और वे महज 500 रूपये पेंशन व 10 किलो चावल पर निर्भर हैं। इस सेवा कार्य में ग्राम उपसरपंच महेश बघेल,सेवादार शशि यादव,संतोष महोबिया,कुबेर साहू,संतोष साहू,रवि सोनी,गुलाब साहू,चोवाराम तारक,रोहित साहू,चंपू साहू,प्रदुमन साहू,गुलाब साहू व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत

**धरसीवां।** नवनियुक्त भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का धरसीवां प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन धरसीवां मंडल एवं युवा मोर्चा की ओर से भव्य रूप में किया गया, जिसमें पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर धरसीवां मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मोहन प्रजापति, उपाध्यक्ष योगेश साहू, महामंत्री नोहर वर्मा, दिलीप साहू, जनपद अध्यक्ष शकुंतला दिलेंद्र सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा, जनपद सदस्य प्रमोद निषाद, महेश नायक, सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सिंचाई पानी प्रबंधन के लिए एक भी श्रमिक नहीं

**आरंग।** महानदी जलाशय परियोजना के गंगरेल बांध से छोड़े जा रहे सिंचाई पानी के प्रबंधन के लिये एक भी श्रमिक नहीं है। कार्यरत लगभग सभी 12सौ श्रमिक सेवानिवृत हो चूके हैं और मस्टररोल पर नियुक्ति को शासन ने सन 1996-1997 से बंद कर रखा है, इसके चलते सिंचाई पानी का प्रभावी प्रबंधन नहीं हो पा रहा और प्रबंधन व रखरखाव किसानों के रहमोकरम पर निर्भर रह गया है। समस्या के मद्देनजर रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह व महानदी जलाशय परियोजना के मुख्य अभियंता शंकर ठाकुर को ज्ञापन भेज श्रमिकों की नियुक्ति की मांग करते हुये सुझाव दिया है कि फौरी तौर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नियुक्ति की जा सकती है। मेल से प्रेषित ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि गंगरेल से निकले नहर की पूर्ण क्षमता के करीब पानी छोड़े जाने के बाद भी कमांड क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्रामों में पानी नहीं पहुंच पाने की शिकायत है।

# तीजा पर महिलाओं के लिए सड्डू में हुईं विविध स्पर्धाएं, मटका फोड़ में प्यारी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम सड्डू महामाया पारा में तीजा पोला के अवसर पर शारदा गणेश उत्सव समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अतिथियों के हाथों मटका फोड़ में प्रथम प्यारी बाई निर्मलकर, कुर्सी दौड़ में महिला प्रथम लोकप्रिया साहू, द्वितीय वसिंका वर्मा, कुर्सी दौड़ पुरुष में प्रथम दुलेश्वर निषाद, द्वितीय तन्मय सारथी को पुरस्कार दिया गया। रात्रि में मनोरंजन के लिए संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच रंगोली दुलदुला (सिमगा) का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में पोला, तीज पर्व की बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ करते हुये विभिन्न कार्य योजना के बारे में बताया क्षेत्र के विकास के लिए भरपूर सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम को तिल्दा नेवरा नगर पालिका के अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मोहदा सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा, सरपंच नंद कुमार साहू, उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर, पूर्व जनपद सदस्य चिमन साहू, गौकरण साहू, श्रवण वर्मा, बेनीराम साहू, उत्तम साहू, भुवन साहू, गंगा राम साहू, हेमंत साहू, टेक राम साहू, अरुण वर्मा, रामाधार साहू, द्रोवेंद्र साहू, योगेंद्र पटेल, लखराम निर्मलकर, देवचरण साहू, विनऊ निषाद, राजाराम यादव, राकेश सारथी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का संचालन लालजी निर्मलकर ने की।

**विजेता प्रतिभागियों को दिया गया पुरस्कार**



### तीजा पर बैहार में आज मानस गान रामधुनी

आरंग। बाल समाज रामसत्ता समिति समस्त बैहारवासी आरंग के तत्वाधान में तीजा त्यौहार के पावन पर्व पर एक दिवसीय मानस गान राम सत्ता रामधुनी का आयोजन 26 अगस्त को पटेल पारा बाल समाज सत्संग भवन गुढ़ी चौक चौक में रखा गया है। जिसमें समिति के पदाधिकारी व सदस्य मनमोहन गुप्ता, रेखू साहू, नारायण साहू, शिवकुमार साहू, मनसुख लाल साहू, नंद कुमार गुप्ता, ईश्वर साहू, नारायण बल्लू साहू, महेश साहू, घासीराम साहू, छन्नू लाल साहू, शंकर साहू, पीला राम साहू, मनीराम साहू, अशोक साहू, गोरे मानिकपुरी, भावेश मानिकपुरी, भूपेंद्र साहू, श्रवण साहू, टीकाराम साहू, दयाराम साहू, अरुण साहू, तुलसीराम साहू, गांधी साहू, गणपत साहू, होरीलाल साहू, घणाराम साहू, तिजु राम साहू, भूषण साहू, भगवती साहू, कुलेश्वर साहू, संतूराम साहू सहित गणमान्य वरिष्ठ नागरिक के द्वारा सुबह 7 बजे भगवान श्री राम, शंकर, हनुमान, गणेश, मां दुर्गा एवं समस्त देवी देवताओं का पूजा पाठ चंदन बंधन पुष्प अर्पित मंत्रोच्चार दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जाएगा।

## समस्या : दर्जनभर गांवों के किसानों ने बिजली विभाग को सौंपा ज्ञापन

# बिजली कटौती से किसानी हो रही बदहाल किसान परेशान, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

रायपुर जिले के धरसीवां में किसानों को सिंचाई के लिए दी गई 'अटल ज्योति योजना' अब उनके लिए अटल चुनौती बन गई है। इस योजना के तहत पंप कनेक्शन लेने वाले किसानों को भी लगातार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी धान की फसलें सूखने की कगार पर हैं। शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक होने वाली इस अघोषित कटौती ने किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है, जिससे उनकी मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर रहा है।

**किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापनः** इस गंभीर समस्या से परेशान होकर, आज सैकड़ों किसानों ने छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन और प्रदेश कांग्रेस किसान के बैनर तले एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। किसान नेता धर्मेंद्र वर्मा के नेतृत्व में तरपोंगी, सड्डू, मोहदा, सगुनी, खैरखुंट, और सांकरा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों ने धरसीवां विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता (जे.ई.) को ज्ञापन सौंपा और तत्काल निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की।

**शाम पांच से रात 11 बजे तक अघोषि बिजली कटौती से सिंचाई प्रभावित**



### जल्द समाधान निकलेगा जाएगा

किसानों की समस्याएं हमारे संज्ञान में है। हम समझते हैं कि लगातार बिजली कटौती से उन्हें कितनी परेशानी हो रही है और उनकी फसलें खतरे में हैं। यह कटौती हमारी ओर से नहीं, बल्कि ऊपरी स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार की जा रही है। हम किसानों की मांग से जुड़े ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। उम्मीद है कि इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान निकलेगा और किसानों को राहत मिलेगी

- उपेंद्र वैष्णव
कनिष्ठ अभियंता, सीएसईबी धरसीवा

### अन्न दाताओं के साथ ये कैसी विडबंना : वर्मा

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस किसान महामंत्री श्री धर्मेंद्र वर्मा ने साय सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "यह कैसी विडंबना है कि सरकार उद्योगों को 24 घंटे बिजली दे रही है, लेकिन अन्नदाता को छह-छह घंटे की कटौती का दंश झेलना पड़ रहा है। भाजपा सरकार किसानों के हित की बात करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि वह बिजली के बिलों में बढ़ोतरी कर और कटौती करके किसानों को सिर्फ दुख दे रही है। किसान पानी के लिए तरस रहे हैं, उनके बोरवेल बंद पड़े हैं और खेत सूखकर बंजर हो रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, "अगर सरकार ने जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया और बिजली कटौती बंद नहीं की, तो हम सभी किसान सड़कों पर उतरकर एक उग्र आंदोलन करेंगे।

### 24 घंटे बिजली की मांग पर अड़े किसान

किसानों ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि पिछले एक पखवाड़े से बारिश न होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अटल ज्योति योजना में रोज 6 घंटे की बिजली कटौती ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता से गुहार लगाई कि वे उनकी इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द उचित कदम उठाएं। किसानों ने मांग की है कि सिंचाई पंपों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि वे अपनी धान की फसल को बचा सकें।

# गणेशोत्सव समिति श्री विघ्नहर्ता परिवार इस बार 10 दिनों तक करेगा गौसेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग नगर मे सदैव नगर के लिये कुछ अलग कुछ नया करने वाली पिछले वर्ष जिनकी मुर्ति ने पुरे देश मे नाम कमाये ऐसी आरंग की सबसे बडी गणेशोत्सव समिति श्री विघ्नहर्ता परिवार इस वर्ष पुर्ण रूप से गणेश उत्सव को सेवा को समर्पित करने जा रही है। जिसमे समिति के सदस्य पुरे 10 दिवस सेवा कार्य करेंगे व आरंग मे समाजसेवा का अनोखा संदेश देंगे।

- श्री विघ्नहर्ता परिवार की अनोखी पहल की हो रही सराहना

समिति के प्रमुख सदस्य पुष्कर साहू ने बताया की हम इस वर्ष बिना किसी कोलाहल के दूर पुर्ण रूप से शांती प्रिय दस दिवस का सेवा आयोजित कर रही है। जिसमे सर्वप्रथम संपुर्ण 10 दिवस तक निराश्रित गौ वंशो को चारा दाना वितरण व दूर्घटना से बचाव हेतु रेडीयम बेल्ट लगायेंगे। इस तरह प्रथम दिवस गरीब छात्रो को शिक्षण समाग्री वितरण, फीस माफी, बैग व जुता वितरण करेंगे, द्वितीय दिवस समिती के सदस्य दिल की बिमारी से पीडीत नन्हे बच्चो के इलाज हेतु सामुहिक रक्तदान करेंगे, तृतीय दिवस नगर के विकलांगो को चिन्हीत कर ट्राइसायकल वितरण करेंगे, चतुर्थ दिवस शासकीय अस्पताल मे मरीजो को फल टोकरी वितरण व अस्पताल को व्हील चेयर का दान करेंगे, पंचम दिवस निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन होगा जिसमे नगर के लोग मफ्त रक्त जांच मे स्वास्थय परिक्षण व परामर्श लेंगे, छठवा दिवस पर्यावरण को समर्पित रहेगा जिसमे समिति के सभी सदस्यो के नाम से वृक्षारोपण किया जायेगा जिसके देखभाल का संकल्प भी सदस्य लेंगे, सप्तम दिवस महाआरती का दिवस रहता है जिसमे इस दिवस मे महाभंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन दिनभर होगा व संध्या बप्पा की महाआरती दूर्वा पुजन किया जायेगा,अष्टम दिवस वृद्धजनो को समर्पित रहेगा जिसमे नगर के वृद्धजनो को चिन्हीत कर स्वास्थ्य सेवा हेतु सहयोग करेंगे, नवम दिवस स्वच्छता का संदेश देते हूवे नगर के देव स्थलो की साफ सफाई करेंगे दसवा दिवस मातृशक्तियो को समर्पित रहेगा जिसमे रायपुर के प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा महिलाओ की जांच व परामर्श किया जायेगा।

# नवधा भक्ति से होता है कल्याण : अभिरामदास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

रायपुर जिले के मंदिर हसौद में राजा राम फार्म, श्री रामकिंकर ट्रेडर्स के पास श्री धाम वृंदावन से पधारे संत श्री मद जगतगुरू द्वाराचार्य भावनंदपीठाधीश्वर स्वामी श्री अभिरामदास जी महराज के मुखारविंद से 21 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से हरि इच्छा तक चलती है।चौथे दिन की कथा में महाराज जी ने वामन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए नवधा भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिस तरह राजा बलि ने अपना सर्वस्व भगवान को अर्पित कर दिया था, उसी प्रकार भक्तों को भी निस्वार्थ भाव से भगवान की सेवा करनी चाहिए।

# कबड्डी स्पर्धा की विजेता टीमों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



शिवधाम क्रीडा मंडल खट्टी के तत्वाधान मे दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन मे मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी व साहित्यकार प्रभात मिश्र शामिल रहे। उपस्थित अतिथियो व जनप्रतिनिधियो ने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह व नगद राशि पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नही है यह हमारी परंपरा व मिट्टी से जुड़ी एक पहचान है आज जब युवा पीढ़ी मोबाइल व इंटरनेट की दुनिया मे उलझ रही है ऐसे मे इस तरह के आयोजन कही न कही युवाओ मे उर्जा,अनुशासन और समर्पण की ओर अग्रसर करती है। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मतवारी,द्वितीय मंडली,तृतीय पटेवा व चतुर्थ बरतोरी की टीम रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरंपच प्रेमनारायण साहू, उपसरपंच संतुराम निषाद, रामप्रसाद पटेरिया, फूलसिंह साहू, डोमर सिन्हा, मेघराज साहू, दुष्यंत यदु, रामचंन्द्र यादव,राधे यादव, अशु धुरव, गंगाराम साहू, डेरहा निषाद, रामकृष्णा साहू, अशोक निषाद, रॉबिन साहू, आकाश निषाद, दुर्गेश यादव, लिला यादव व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष...

### जिस शासकीय स्कूल...

में उन्हें स्कूल में व्याप्त बुनियादी सुविधाओं के साथ शिक्षकों की कमी दिखी। उन्होंने बताया कि जिस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, उस स्कूल में सुविधा एवं शिक्षकों की कमी है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर जल्द से जल्द स्कूल में जरूरत के अनुसार शिक्षक, कर्मचारी एवं बुनियादी सुविधाएं देने की मांग की है।

### डायरिया संक्रमण से...

संचालनालय में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन की जानकारी होने के बाद चिकित्सा जगत में शोक की लहर फैल गई। चिकित्सा महाविद्यालय से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संचालनालय तक के डाक्टर उनके निवास स्थान में एकत्रित हुए। उनका अंतिम संस्कार कोरबा में किया गया।

### विमानतल पर लावारिस...

इस मामले में माना थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें एयरपोर्ट में रात में हलचल होने की सूचना मिली थी, इस दौरान पूछताछ में वहां की सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मॉकड्रिल के बारे में बताया था। एयरपोर्ट को संवेदनशील एरिया माना जाता है और वहां सुरक्षा का अतिरिक्त इंतजाम किया जाता है। तैनात सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ विभिन्न तरीकों से पूर्वाभ्यास करती है।

### लॉ छात्रा के साथ...

पुलिस ने आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। लॉ की छात्रा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सत्यजीत राजपूत, अमित चंद्राकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। युवती ने अपने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि दोनों युवक उसका रास्ता रोक कर उसके साथ छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर धमकी देते हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लॉ छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाला सत्यजीत तथा उसका साथी कॉल मी सर्विस (सीएमएस) के सुपरवाइजर हैं। सीएमएस मंत्रालय सहित सरकारी बिल्डिंग में मेंटनेंस का काम करते हैं।

### अफसरों के साथ...

उसे डराने की कोशिश करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जिन धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है, वह गैर जमानतीय धाराएं हैं। युवती से छेड़खानी करने पर पुलिस ने छेड़खानी करने की धारा के साथ यौन उत्पीड़न, जबरन पीछा करने के साथ धमकी देने की धारा में अपराध दर्ज किया है।

### रोड क्रास कर रहे...

पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया है कि घटना के समय उन लोगों ने उत्तम को किसी की बाइक से लिफ्ट लेकर आते देखा था। सेजबहार चौक पर उतरने के बाद वह रोड क्रास कर रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने चौक के पास ट्रेलर की रफ्तार कम करने की बजाय उत्तम को ठोकर मार दी। ट्रेलर की चपेट में आने से उत्तम का सिर बुरी तरह से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## मंत्री पद की शपथ लेने के बाद हुआ प्रथम आगमन पर उमड़े लोग

# मंत्री गुरु खुशवंत का मिठाई, फल और लड्डुओं से तौलकर किया गया स्वागत, निकाली आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री के रूप में दायित्व सौंपा गया है। उन्हें कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रविवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र आगमन पर उनका अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

आरंग पहुँचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में गुरु खुशवंत साहेब जिंदाबाद के नारों से गगन गूंज उठा। स्वागत समारोह में मिठाई, फल, लड्डू और आतिशबाजी ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री समर्थकों के साथ विशाल आभार रैली पर निकले।



### प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

इस दौरान वे जिप्सी पर भाजपा नेताओं के साथ सवार होकर जनता का अभिवादन स्वीकार करते रहे। आभार रैली की शुरुआत तुलसी बाराडेरा स्थित बाबा गुरु अमरदास जी की गुरुगद्दी में मत्था टेककर की गई। इसके पश्चात वे चंदखुरी स्थित माता कौशल्या एवं भगवान श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम पचेरा, बहनाकाडी, नवागांव, गुजरा, लखौली एवं रसनी सहित विभिन्न स्थानों पर जनसमुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। नवागांव स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर उन्होंने क्षेत्र के खुशहाली की मंगलकामना की। उसके बाद मंत्री गुरु खुशवंत साहेब आरंग पहुचे। जहां शहर के मुख्य मार्ग में जगह-जगह विभिन्न समाज, संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशि स्वागत किया गया। शहर में 4 घंटे के रोड शो के बाद बस स्टैंड में मुख्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जनता के स्नेह और प्रेम से हूं अभिभूत

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की, शपथ लेने के बाद आज प्रथम नगर आगमन हुआ है। क्षेत्रवासियों के द्वारा जो अपार प्रेम और स्नेह इस दौरान मिल रहा, उसके लिए मैं अभीभूत हूं, धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है, मैं सभी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। निश्चित ही क्षेत्र की जनता को यह कहना चाहूंगा कि, यह पद, यह सम्मान सब आपकी देन है। आरंग विधानसभा क्षेत्र की जनता का मैं हमेशा आभारी रहूंगा और विश्वास दिलाता हूं कि, उनके इच्छा के अनुरूप क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात मेहनत करूंगा। उन्होंने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास विभाग में बेहतर काम करते हुए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछड़े हुए अनुसूचित क्षेत्र में विकास करने लगातार काम करने की बात कही।

# मंत्री का व्यापारी संघ ने किया स्वागत



**आरंग।** आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब को मंत्रीमंडल मे शामिल किए जाने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर आरंग व्यापारी संघ के सदस्यो ने मंच मे उपस्थित होकर आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। उनका फूल मालाओ से स्वागत कर व्यापारी बंधु परिचयात्मक बिन्दुओ पर चर्चा कर मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किए। इस पर गुरु खुशवंत साहेब ने व्यापारिओ के हित मे सदैव सकारात्मक कार्य करूंगा कहकर आश्वस्त किए। इस अवसर पर अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर सहित वरिष्ठ व्यापारीगण रामधन चंद्राकर, आर्यन गुप्ता, शरद गुप्ता, संतोष चन्दाकर, अनिल नेभवाणी, पंकज शुक्ल, दीपक सोनी, रमेश आहूजा, मनोज चंद्राकर, पंकज, शैलेंद्र चंद्राकर, रविकांत साहू, रमेश साहू, गेंदलाल साहू, प्रदीप चंद्राकर, पप्पू अरोरा, रितेश कश्यप व नगर के प्रबुद्धवर्गो की उपस्थिति रही।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तिल्दा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र. 202508115200012 / अ - 74 वर्ष 2025-26**
**ग्राम सिनोधा प.ह.नं. 20**

**ईश्तहार**

विषयांकित संबंध में लेख हैं कि कार्यालय कलेक्टर रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक/273/भू- आबंटन / 2025, रायपुर दिनांक 16/07/2025 के द्वारा ज्ञापन प्राप्त हुआ है कि आवेदक रवि कुमार पिता श्री कुंभज प्रसाद (भूतपूर्व सैनिक ) ग्राम सिनोधा, विकासखण्ड व तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सिनोधा प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. छपोरा तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 107 रकबा 21.445 हे. में से 5 एकड़ भूमि भूतपूर्व सैनिक को शासन द्वारा प्रदान किये जाने वाली शासकीय भूमि कृषि प्रयोजन हेतु आबंटन किये जाने हेतु पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को यह ज्ञापन प्राप्त हुआ है। आवेदक अपने आवेदन के साथ चालान बी-1 खसरा नक्शा, की छायाप्रति संलग्न किया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावे / आपत्ति यदि हो तो वह पेशी तिथि 09/09/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । मियांद बाद प्राप्त दावे / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**

## खबर संक्षेप



### नए मंत्री गजेंद्र का यादव समाज ने किया स्वागत

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री बनाए जाने पर राज्य सरकार का आभार जताया है। पिछले कई वर्षों से यादव समाज अपने समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर सक्रिय रहा है। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात की थी। साथ ही प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। आश्वासन मिलने के बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था। यादव ठेठवार समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यद्दु ने बताया कि कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने से पहले श्री यादव ने पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में श्रीराम दरबार के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री यादव को मंत्री बनाए जाने पर यादव ठेठवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव, उपाध्यक्ष हरीश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव, महासचिव नरोत्तम यद्दु, कोषाध्यक्ष पुष्कर यादव समेत समाजजनों ने हर्ष जताया है।

### चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन 27 नवंबर तक बढ़ा

**रायपुर।** यात्रियों की बढ़ती मांग और भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से दक्षिण मध्य रेलवे ने चर्लापल्ली–रक्सौल–चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (संख्या 07005/07006) की सेवाओं को 27 नवम्बर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने मौजूदा ठहराव, समय सारिणी और संरचना के अनुसार ही संचालित होती रहेगी। इस निर्णय के तहत गाड़ी संख्या 07005 चर्लापल्ली–रक्सौल स्पेशल 06, 13, 20, 27 अक्टूबर एवं 03, 10, 17, 24 नवम्बर 2025 को चर्लापल्ली से चलेगी, वहीं गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल–चर्लापल्ली स्पेशल 09, 16, 23, 30 अक्टूबर एवं 06, 13, 20, 27 नवम्बर 2025 को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे, जिनमें 01 प्रथम वातानुकूलित, 03 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2-टियर), 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3-टियर), 12 स्लीपर क्लास, 04 सामान्य श्रेणी और 02 सीटिंग कम लगेज रेक शामिल हैं।

## निधन

### डॉ. तरुणेश राज

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. तरुणेश राज (43) का 25 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोरबा में किया गया। वे छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार भी रहे।



### शीला दूसेजा

**रायपुर।** रिद्धि-सिद्धि गार्डन महावीर नगर निवासी शीला दूसेजा का 25 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल, मोहनदास, शामनदास, लेखराज दूसेजा की भाभी, विक्की दूसेजा की माता एवं हितेन, कियांश की दादी थीं।



# नवा रायपुर में विश्व स्तरीय फिश एक्वेरियम हाऊस बनाने का विचार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि एवं मछली पालन मंत्री रामविचार नेताम ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न किस्मों की मछलियों का उत्पादन हो रहा है, इसमें बस्तर का झींगापालन भी शामिल है। उन्होंने मछलियों के उत्पादन में वृद्धि करने के साथ ही नवा रायपुर अटल नगर में विश्वस्तरीय फिश एक्वेरियम हाउस बनाने के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों के दल को चंडीगढ़, गुजरात एवं अन्य राज्यों में अध्ययन के लिए भेजकर परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर जिले में दो-दो फिश प्रदर्शन तालाब बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। पशुधन एवं मछलीपालन मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पशुधन एवं मछलीपालन विभाग मिलने के बाद यह मंत्री श्री नेताम की पहली बैठक है।

## मछलीपालन मंत्री नेताम ने अफसरों से की चर्चा

### मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा

बैठक में मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को आय दोगुनी करने नवाचार के साथ ही तकनीकी उपयोग पर बल दिया है। छत्तीसगढ़ में भी मत्स्य पालक किसानों की आय को बढ़ाने के योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि केज कल्चर के जरिए मत्स्य पालन में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। उन्होंने नीलक्रांति योजना को बढ़ावा देने के साथ ही फिनफिश हैचरीज की स्थापना, मत्स्य बीज उत्पादन, नवीन तालाबों का निर्माण एवं मछली पालन, केज कल्चर, पंगेसियस हैचरी, तेलपिया कल्चर को बढ़ावा देने तथा राज्य तथा केन्द्र की योजनाओं का लाभ मत्स्य किसानों को पहुंचाने के निर्देश दिए। मछुआ समितियों को प्राथमिकता के तौर पर मछलीपालन के व्यवसाय से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, पशुधन विभाग के संचालक चंद्रकांत वर्मा, मछलीपालन विभाग के संचालक नारायण सिंह नाग सहित इन विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### गायों की करें सुरक्षा

श्री नेताम ने बैठक में कहा कि गाय हमारी आध्यात्मिक मान्यता के साथ ही मानसिक संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। स्टेट व नेशनल हाइवे पर घूमंतु पशुओं की दुर्घटनाएं देखने को मिलती है, जो पीड़ादायक होती है। उन्होंने कहा कि स्टेट व नेशनल हाइवे में घूमंतु पशुओं की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं में घायल पशुओं के उपचार की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के आसपास घटित होने वाली पशु दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए नगरीय निकायों के समन्वय से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए।

### पशुपालकों को मिले लाभ

मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि हर क्षेत्र का क्लाइमेंट अलग-अलग होता है। क्लाइमेट के अनुरूप पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन एवं सुकरपालन की गतिविधियां संचालित की जाए, ताकि पशुपालकों को इसका बेहतर लाभ मिले। पशुपालकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है, उनके लिए चारा की व्यवस्था करना, पशुओं को हरी घास मिले, इसके लिए योजना बनाई जाए। उन्होंने सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले में स्लाइज उत्पादन पर भी जोर दिया। मंत्री श्री नेताम ने मत्स्य और पशुपालन किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

## नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई

# मोवा में गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए टेंडर की शर्त बदली, अब 500 महिलाओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए टेंडर की शर्त में बदलाव किया गया है। चयनित एजेंसी अब 1 हजार की जगह 500 महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई, बुनाई का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर फैक्ट्री में रोजगार देगी, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षण वृत्ति भी देनी होगी। यही नही, नई शर्त के मुताबिक सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन चयनित एजेंसी को खुद्र के खर्च पर जुटाना होगा, जबकि नगर निगम संबंधित एजेंसी को गारमेंट फैक्ट्री के लिए केवल जगह उपलब्ध कराएगा।

■ 10 साल के लिए होगा ठेका, काम संतोषप्रद होने पर 5 साल के लिए मिलेगा एक्सटेंशन

रायपुर नगर निगम महिलाओं को स्वावलंबी बनाने मोवा में निर्मित गारमेट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने की तैयारी में है। गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने नगर निगम ने ढाई साल पहले प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये खर्च शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण करवाया है।

इसके अलावा आउटर के डेवलपमेंट का काम इसमें शामिल है। अब दूसरे चरण में गारमेंट फैक्ट्री शुरू करने पीपीपी मोड पर एजेंसी का चयन किया जाएगा। चयनित एजेंसी नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाली 500 महिलाओं का चयन कर उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ फैक्ट्री में रोजगार भी देगी। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद की मार्केटिंग का जिम्मा अनुबंधित चयनित एजेंसी का रहेगा।

### सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन जुटाएगी एजेंसी



### महिला स्वावलंबन को मिलेगी दिशा

नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर कर रहे हैं। चयनित एजेंसी महिलाओं को सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उसी फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध कराएगी। इससे महिला स्वावलंबन को एक नई दिशा मिलेगी।

\- *मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर*

### 10 साल के लिए संचालन संधारण का ठेका

चयनित एजेंसी अनुबंध की शर्त के मुताबिक 10 साल तक गारमेंट फैक्ट्री संचालन व संधारण कार्य करेगी। इस अवधि में कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर संबंधित एजेंसी का अनुबंध 5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी केवल संबंधित जगह का किराया देगी।

### दंतेवाड़ा में डेनेक्स नाम से कपड़ों की ब्रांड

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने वहां की महिलाओं के सहयोग से डेनेक्स नाम से कपड़ों का एक ब्रांड स्थापित किया है। यह अपनी तरह का एक अनूठा प्रयोग है। इसी थीम पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा निर्मित प्रथम चरण में 500 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालन के लिए दिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने हाल ही में एमआईसी की बैठक में इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

# राज्य में 6 माह से प्रभारी डीजीपी के भरोसे पुलिस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अशोक जुनेजा के डीजीपी पद से सेवानिवृत्ति के बाद राज्य में अब तक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। अरुण देव गौतम को 3 फरवरी को प्रभारी डीजीपी के रूप में पदस्थ किया गया था। राज्य शासन ने नियुक्ति के बाद यूपीएससी को डीजीपी के लिए चार आईपीएस का पैनल भेजा। यूपीएससी से स्पष्ट जवाब नहीं आने के कारण अब तक उनके पूर्णकालिक डीजीपी का आदेश नहीं हो पाया है। छत्तीसगढ़ में यह पहला अवसर होगा जब पैनल भेजे जाने के बाद डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जुनेजा के डीजीपी पद से सेवानिवृत्ति के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें एक्सटेंशन दिया। एक्सटेंशन खत्म होने के बाद राज्य शासन ने डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल थे।

■ डीजीपी के नामों का पैनल बनाने में देर के कारण नियुक्ति में देर

### जीपी की एंट्री के बाद दोबारा पैनल बना

डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से मामला यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया।

### सलेक्शन कमेटी ने दो नाम तय किए

पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद जीपी सिंह और पवन देव का का नाम हट गया था। अब हिमांशु गुप्ता और अरुण देव गौतम का नाम ही शेष रह गया था। उनमें से ही किसी एक को पूर्णकालिक डीजीपी बनाना था। यूपीएससी से स्पष्ट निर्देश प्राप्त न होने के कारण अब भी यह मामला अभी भी लटका हुआ है।

### यूपीएससी ने प्रभारी को किया मना

विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस कैडर में पदोन्नति देने का निर्णय होता है। इसमें आमतौर पर राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी जैसे सदस्य शामिल होते हैं। यूपीएससी ने डीजीपी को डीपीसी में शामिल करने से मना कर दिया है, क्योंकि वे प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं।

# अंततः टीपीए चयन की टेंडर प्रक्रिया निरस्त, जिला स्तर के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तारीख पर तारीख की तीन माह लंबी प्रक्रिया के बाद आयुष्मान योजना की राज्य नोडल एजेंसी ने टीपीए चयन की टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। शुरुआत में दो टीपीए कंपनी टेंडर में शामिल थी, मगर ऐन वक्त पर एक कंपनी द्वारा हाथ खींचने से सिस्टम गड़बड़ा गया। टेंडर निरस्त होने के बाद सीएमएचओ कार्यालय में योजना का काम देखने वाले कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। उनके पास अस्पतालों के क्लेम ऑडिट का पॉवर आ गया है।

■ पिछले तीन माह से चल रही थी प्रक्रिया, एक कंपनी ने हाथ खींचा

सूत्रों के मुताबिक स्टेट नोडल एजेंसी की सीईओ की ओर से इस बारे में आदेश जारी कर दिया गया है। अनुमान है कि इसकी प्रक्रिया अगले माह से शुरू होगी और तब तक जिला स्तर के नॉन मेडिको कर्मचारी ऑडिट की जिम्मेदारी संभालेंगे। आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज कराने वाले मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग के लिए एजेंसी तय की जाती है। पुरानी एजेंसी का काम मार्च महीने में समाप्त हो गया था और काफी समय तक वह एक्सटेंशन में काम कर रही थी। नोडल एजेंसी ने मई-जून माह में इसके लिए टेंडर जारी किया था मगर विभिन्न कारणों से इसकी तारीख आधा दर्जन से अधिक बार आगे बढ़ाई गई थी। अगस्त में तारीख आगे बढ़ाने का दौर चला और टेंडर में शामिल एक एजेंसी निविदा से अंतिम समय में हट गई थी। इसके बाद एक कंपनी के जरिए टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से इसे निरस्त कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष का पद 8 साल से खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष का नियमित पद पिछले 8 साल से खाली है। इस पद पर वर्तमान में कार्यवाहक के रूप सदस्य गिरधारी नायक संभाल रहे हैं। बताया गया है कि आयोग के नियमित अध्यक्ष के रूप में जस्टिस राजीव गुप्ता वर्ष 2012 से 2017 तक पदस्थ रहे। 2017 में उनके रिटायर होने के बाद से इस पद पर नियुक्ति नहीं हो पाई है। आयोग के अध्यक्ष के रूप में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस की नियुक्ति का प्रावधान है।

■ अध्यक्ष न होने के बाद भी कार्यवाहक अध्यक्ष आयोग का संचालन व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं

***कार्यवाहक अध्यक्ष दे रहे हैं सेवाएं :*** आयोग में व्यवस्था ये है कि यहां अध्यक्ष के साथ दो सदस्य होते हैं। इनमें एक पद न्यायिक क्षेत्र के अनुभवी जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। सदस्य का दूसरा पद सामाजिक क्षेत्र से भरा जाता है। इस पद के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी भी पदस्थ किए जाते हैं। यदि अध्यक्ष का पद खाली हो तो इस स्थिति में वरिष्ठ सदस्य को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जाता है।

राज्य में अध्यक्ष का नियमित पद रिक्त होने की स्थिति में लंबे समय से वरिष्ठ सदस्य अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहें है। वर्तमान में कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में पूर्व आईपीएस गिरधारी नायक सेवाएं दे रहे हैं। जबकि दूसरे सदस्य के रूप में जस्टिस गोविंद मिश्रा हाल ही में पदस्थ किए गए हैं। खास बात ये है कि नियमित अध्यक्ष न होने के बाद भी कार्यवाहक अध्यक्ष आयोग का संचालन व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं।

# पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में हत्या कर लाश बोरी में भरकर खाली प्लाट में फेंकने के मामले को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपति तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अवैध संबंध बताई जा रही है। रविवार दोपहर मृतक के साथ अपनी पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर आरोपी ने युवक के सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

■ साक्ष्य छिपाने चेहरे को कपड़े में लपेटकर लाश बोरी में भर खाली प्लाट में फेंके

एएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार मूलतः ओडिशा, मलकानगिरी निवासी रामा माडे (35) की हत्या के आरोप में रावांभाठा निवासी कृष्णा बंजारे उसकी पत्नी सोनम तथा रामकृष्ण बंजारे उर्फ राजाराम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रावांभाठा के मिलान बाड़ा स्थित खाली प्लाट में बोरी में लाश होने की सूचना मिलने पर पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा एफएसएल की टीम पहुंची। बोरी खोलने पर मृतक के हाथ, पैर बंधे मिले। मुंह तथा सिर पर सफेद कपड़ा लिपटा था। आसपास की फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से मृतक की शिनाख्त कराई गई, तो मृतक के मेटल पार्क स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने की जानकारी मिली।



### रविवार दोपहर की घटना

फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से पूछताछ करने पर रामा की फैक्ट्री में काम करने वाली सोनम के साथ प्रेम प्रसंग तथा अवैध संबंध होने की जानकारी मिली। पुलिस ने सोनम से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसका संबंध रामा के साथ था। रविवार दोपहर रामा, सोनम से मिलने उसके घर गया था। इसी दौरान सोनम का पति घर पहुंच गया। अपनी पत्नी को रामा के साथ आपत्तिजनक हालत में देख कृष्णा ने गुस्से में आकर रामा के सिर पर लकड़ी के बत्ते से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

### देर रात बोरी में भरकर लाश फेंकी

रामा की हत्या करने के बाद सोनम ने अपने परिचित राजाराम को मदद के लिए घर बुलाया। इसके बाद सोनम उसका पति तथा राजाराम तीनों ने रामा की लाश को बोरी में भरने के पहले उसके हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया। हाथ-पैर बांधने के बाद लाश को एक बोरी में भरकर कृष्णा तथा राजाराम देर रात एक खाली प्लाट में फेंका और आ गए।

## पेज 11 के शेष ...

### जिस शासकीय स्कूल में...

में उन्हें स्कूल में व्याप्त बुनियादी सुविधाओं के साथ शिक्षकों की कमी दिखी। उन्होंने बताया कि जिस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, उस स्कूल में सुविधा एवं शिक्षकों की कमी है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर जल्द से जल्द स्कूल में जरूरत के अनुसार शिक्षक, कर्मचारी एवं बुनियादी सुविधाएं देने की मांग की है।

### डायरिया संक्रमण से...

संचालनालय में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन की जानकारी होने के बाद चिकित्सा जगत में शोक की लहर फैल गई। चिकित्सा महाविद्यालय से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संचालनालय तक के डाक्टर उनके निवास स्थान में एकत्रित हुए। उनका अंतिम संस्कार कोरबा में किया गया।

### विमानतल पर लावारिस बैग ने...

इस मामले में माना थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें एयरपोर्ट में रात में हलचल होने की सूचना मिली थी, इस दौरान पूछताछ में वहां की सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मॉकड्रिल के बारे में बताया था। एयरपोर्ट को संवेदनशील एरिया माना जाता है और वहां सुरक्षा का अतिरिक्त इंतजाम किया जाता है। तैनात सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ विभिन्न तरीकों से पूर्वाभ्यास करती है।

### लॉ छात्रा के साथ...

पुलिस ने आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। लॉ की छात्रा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सत्यजीत राजपूत, अमित चंद्राकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। युवती ने अपने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि दोनों युवक उसका रास्ता रोक कर उसके साथ छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर धमकी देते हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लॉ छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाला सत्यजीत तथा उसका साथी कॉल मी सर्विस (सीएमएस) के सुपरवाइजर हैं। सीएमएस मंत्रालय सहित सरकारी बिल्डिंग में मेंटनेंस का काम करते हैं।

### अफसरों के साथ...

उसे डराने की कोशिश करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जिन धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है, वह गैर जमानतीय धाराएं हैं। युवती से छेड़खानी करने पर पुलिस ने छेड़खानी करने की धारा के साथ यौन उत्पीड़न, जबरन पीछा करने के साथ धमकी देने की धारा में अपराध दर्ज किया है।

### रोड क्रास कर रहे...

पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया है कि घटना के समय उन लोगों ने उत्तम को किसी की बाइक से लिफ्ट लेकर आते देखा था। सेजबहार चौक पर उतरने के बाद वह रोड क्रास कर रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने चौक के पास ट्रेलर की रफ्तार कम करने की बजाय उत्तम को ठोकर मार दी। ट्रेलर की चपेट में आने से उत्तम का सिर बुरी तरह से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# कछुआ चाल से चल रहा हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। बावजूद इसके राज्य में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम कछुआ चाल की रफ्तर से चल रहा है। परिवहन विभाग के डेटा के मुताबिक राज्य में वर्ष 2019 के पूर्व पुरानी गाड़ियों की संख्या 52 लाख 48 हजार 476 है। उनमें से महज नौ लाख 41 हजार वाहन मालिक हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने आवेदन दिया है, उनमें से छह लाख आठ हजार 413 गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है।

■ साढ़े 52 लाख पुरानी गाड़ियों में से महज साढ़े नौ लाख वाहन मालिक नंबर प्लेट बदलने लगाए आवेदन

पुरानी गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाने का काम दो एजेंसियों को दिया गया है। परिवहन विभाग के अफसरों ने दोनों एजेंसी को नंबर प्लेट लगाने के साथ बनाने कर्मियों की संख्या बढ़ाए जाने निर्देश दिए हैं। राजधानी में एचएसआरपी लगाने का काम एक दिसंबर 2024 से शुरू किया है। एचएसआरपी लगाने की रफ्तार को देखते हुए नंबर प्लेट बदलने साढ़े चार वर्ष लगेगा।

### गणेश पर्व के बाद कार्रवाई

जिन पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी नहीं लगा है, उन वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस ने अप्रैल में कार्रवाई शुरू की थी। कार्रवाई जुलाई तक जारी रहा। इस दौरान रक्षा बंधन तथा गणेश चतुर्थी में लोगों को परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में थोड़ी ढिल दी गई। परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार जिन गाड़ी मालिकों ने अपनी गाड़ियों में नंबर प्लेट नहीं बदली है उन वाहन मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व तक उन्हें समझाइश देकर छोड़ा जा रहा था।




### मोबाइल नंबर अपडेट नहीं इसलिए हो रही देर

वर्ष 2019 के पूर्व वाहन खरीदने वाले ज्यादातर लोग अपने आरसी बुक में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं करवाते थे। कुछ लोग आरसी बुक में अपने परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर दर्ज करवाते थे। कई ऐसे भी वाहन मालिक हैं जिनका आरसी बुक में जो मोबाइल नंबर दर्ज है, उसे वो बंद कर कोई दूसरा नंबर चला रहे हैं, जिसे उन लोगों ने अब तक अपडेट नहीं कराया है। ऐसे वाहन मालिकों को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवाना पड़ रहा है। इस वजह से भी एचएसआरपी में देरी हो रही है।

### दर्ज संख्या में 25 प्रतिशत वाहन कंडम होने की आशंका

परिवहन विभाग के वेबसाइट में अप्रैल 2019 के पूर्व गाड़ियों की संख्या है, उनमें से 25 प्रतिशत गाड़ियां कंडम होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं, जो अब सड़कों से गायब हो गई है। उन वाहन मालिकों द्वारा परिवहन विभाग को अपनी गाड़ियां कंडम होने की सूचना नहीं देने पर संख्या यथावत बनी हुई है। उनमें से ज्यादातर दोपहिया वाहन है। दोपहिया वाहन के मालिक अपनी गाड़ी कंडम होने के बाद नहीं चलाए जाने की स्थिति में इसकी जानकारी परिवहन विभाग को नहीं देते।

## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच शिविर में 70 लोगों ने कराया चेकअप



**रायपुर।** महावीर नगर गुरुद्वारा परिसर में स्थित क्लीनिक में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स एसोसिएशन और एमजीएम नेत्र संस्थान की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा साहू व उनकी टीम द्वारा लगाया गया। शिविर में 70 लोगों की आंखों जांच की गई। इस मौके पर डॉ. पूजा ने बताया कि शिविर में जांच के दौरान नेत्र रोगों की जांच के बाद चश्मा लगाने, मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की सलाह दी और नेत्रों की नियमित अच्छी देखभाल की जानकारी देते हुए निशुल्क दवाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन की मेडिकल कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा ने शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर में एसोसिएशन के संयोजक जीएस बांबरा, अध्यक्ष एचएस धींगरा, सचिव बीएस सलूजा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, जेएस जब्बल, डॉ. बीएस छाबड़ा, लखिंदर सिंह चावला, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा और लायंस क्लब ऑफ वीमंस की डॉ. रविंद्र कौर बांबरा और अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### शिवसेना प्रतिनिधियों से डीआरएम ने मिलने से किया इंकार

**रायपुर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच सौहार्द्रता के बीच तीजा पोरा तथा नुआखाई पर नई ट्रेन या ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े जाने, साथ ही स्टेशनों पर साफ-सफाई सहित कई मुद्दों को लेकर शिवसेना के प्रतिनिधियों ने रायपुर रेलवे के डीआरएम से मिलने का समय मांगा था। जहां डीआरएमएस के निज सचिव एएस दण्डवते ने प्रतिनिधियों को डीआरएम से मिलने नहीं दिया। वहीं शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग एवं प्रमोद साहू ने आरोप लगाते हुए कहा की कर्मचारियों का हर 3 साल में स्थानांतरण कर दिया जाता है। फिर भी निज सचिव दण्डवते विगत 10 वर्षों से अधिक समय से पदस्थ हैं, जिन्हें तत्काल हटाया जाए, अन्यथा शिवसेना धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

# एम्स जैसी सुविधाओं वाला होगा बिलासपुर सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, हुआ एमओयू

## चिकित्सकीय स्टाफ को ट्रेनिंग, टेलीमेडिसिन सहित अन्य सेवाओं में करेगे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल को आधुनिक सुविधा वाला बनाने के लिए एम्स प्रबंधन मदद करेगा। इसके लिए सोमवार को दोनों के बीच समझौता पत्र में हस्ताक्षर किया गया है। बिलासपुर हास्पिटल के चिकित्सकीय स्टाफ को ट्रेनिंग, टेलीमेडिसिन सेवा, संकाय अदान-प्रदान और शोध में एम्स का स्टाफ मदद करेगा।

राज्य शासन बिलासपुर में आधुनिक सुविधाओं वाला सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल खोलना चाहता है। इसके लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी सुविधा जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस ध्यान में रखते हुए दोनों हास्पिटल के बीच एमओयू हुआ है। बिलासपुर सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक समझौते के जरिए डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को एम्स जैसे विश्वस्तरीय संस्थान से प्रशिक्षण और नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का अनुभव मिलेगा। इससे न केवल अस्पताल की रिसर्च और उपचार क्षमता बढ़ेगी बल्कि आम नागरिकों को भी अपने ही शहर में उच्चतम स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. अशोक जिंदल ने कहा कि एम्स, बिलासपुर अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सों और स्टाफ को क्लीनिकल ट्रेनिंग, संकाय आदान-प्रदान, सहयोगी शोध, टेलीमेडिसिन सेवाओं और बहु-केंद्रीय अध्ययनों में हर संभव मदद देगा। इस दौरान एम्स रायपुर के अधिष्ठाता रिसर्च डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा, सह-अधिष्ठाता रिसर्च डॉ. एकता खंडेलवाल, अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. राकेश गुप्ता तथा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बिलासपुर से प्रो. डॉ. अर्चना सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की प्राथमिकता

चिकित्सा अधीक्षक डा. सिंह ने बताया कि उन्होंने एम्स रायपुर की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और बिलासपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में वैसी ही सुविधाओं का विकास किया जाए को लेकर योजना तैयार की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की स्पष्ट प्राथमिकता है कि प्रदेशवासियों को बड़े शहरों पर निर्भर हुए बिना ही अपने जिले में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

## चेन्नई के सोना लाइट कंपनी की विशेष प्रकार की सेंसर कैमरा युक्त मशीन

# ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक पाइप लाइन में पानी का प्रेशर रीड करने उतारी रोबोटिक मशीन, 3 एंगल से जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार



- सोहागा मंदिर के पीछे, भोईपारा एरिया में पाइप लाइन में खामी की जांच आज

ब्राम्हणपारा वार्ड के आधा दर्जन इलाकों के पानी की समस्या सुलझाने में फ्लाप रहे नगर निगम के जल विभाग ने अब प्रभावित इलाके की पाइप लाइन में पानी की प्रेशर जांचने विशेष प्रकार की सेंसर वाली कैमरा युक्त रोबोट मशीन खामी का पता लगाने उतारी है। चेन्नई की सोना लाइट कंपनी की इस कैमरायुक्त मशीन का डेमो सोमवार को सारथी चौक के पाइप लाइन जांच से शुरू हुआ। मशीन के साथ 5 सदस्यीय टीम ने फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र और वार्ड पार्षद अजय साहू की मौजूदगी में पाइप लाइन के दोनों साइट पानी का प्रेशर जांचने लगाई। मंगलवार को सोहागा मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र और भोईपारा इलाके में पाइप लाइन की खामी जांचने टीम उतरेगी।

दरअसल, 4 महीने में ब्राम्हणपारा वार्ड की पेयजल समस्या का समाधान निकालने में फिसड्डी रहे नगर निगम अब पाइप लाइन में खामी ढूंढने रोबोट मशीन से इसकी जांच करा रहा है। इस वार्ड के धोबीपारा, पंचपथ पारा गली, अवधिया पारा और भोईपारा की सिंधी गली का कुछ इलाका पानी की किल्लत से जूझ रहा है। बारिश के सीजन में यहां के रहवासी पेयजल के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में नगर निगम को प्रभावित इलाके में पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है। निगम प्रशासन ने पानी की समस्या का स्थायी समाधान निकालने चेन्नई की कंपनी को पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ब्राम्हणपारा वार्ड के प्रभावित इलाकों में डेमो करने बुलाया है। इसी के तहत सोमवार को ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक से पंचपथ पारा जाने वाले मार्ग में सड़क के दोनों ओर 2 से 3 एंगल से रोबोट मशीन से पाइप लाइन में पानी के प्रेशर की जांच की गई। इस दौरान आमापारा जाने वाले मार्ग पर चार जगह के पाइपलाइन की ऑनलाइन फोटोग्राफी भी टीम ने की है।

### ऑनलाइन और ऑफलाइन एक साथ मिलेगी निःशुल्क रिपोर्ट

जल संकट प्रभावित इलाकों में रोबोट मशीन से पानी के प्रेशर की जांच के दौरान यह पता लगाया कि कहां पर डाया चेंज हो गया है, पानी आपूर्ति में अप एंड डाउन की स्थिति किस स्पॉट पर है, पाइप लाइन लीकेज की जानकारी भी इससे मिलने की उम्मीद है। चेन्नई की कंपनी पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत यह कार्य कर रही है। जिसमें ब्राम्हणपारा वार्ड को ट्रायल बतौर लिया गया है।

### सुबह से दोपहर तक चला काम

जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि सोमवार को ब्राम्हणपारा वार्ड में सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति देने के बाद सप्लाई लाइन बंद करने के बाद प्रातः11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोबोट मशीन जमीन के अंदर पाइप लाइन में भेजकर दोनों तरफ के एरिया का प्रेशर रीड करने लगी रही। यह मशीन विशेष प्रकार के सेंसर लैस कैमरा से युक्त है। मंगलवार को सोहागा मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र में मशीन से पानी के प्रेशर की जांच होगी, साथ ही भोईपारा की सिंधी गली के कुछ इलाके भी इसमें लिए जाएंगे।

# छूट पर नहीं प्रलोभन पर प्रतिबंध, दवा दुकानों को सर्कुलर जारी कर ठंडा पड़ा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नियम का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निलंबन करने का प्रावधान

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दवाओं की कीमतों पर दी जाने वाली छूट पर नहीं, इसके लिए दिए जाने वाले प्रलोभन पर प्रतिबंध लगाया है। छूट के प्रचार-प्रसार रोकने के लिए दवा दुकानों को सर्कुलर जारी कर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ठंडा पड़ गया है। नियम के मुताबिक डिस्प्ले बोर्ड लगाकर छूट का प्रचार करने वाले दवा दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित करने का प्रावधान किया गया है।

विभिन्न राज्यों में जारी आदेश का हवाला देते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने करीब दस दिन पहले तमाम दवा दुकानदारों को सर्कुलर जारी किया था कि उनके द्वारा दवा की कीमतों पर दी जाने वाली छूट का विज्ञापन नहीं किया जाएगा। वे आने वाले ग्राहकों को दवा की कीमत कम कर दे सकते हैं मगर इसका प्रचार-प्रसार बोर्ड अथवा डिस्प्ले लगाकर नहीं करेंगे। परिपत्र जारी करने के बाद विभाग ने अपनी औपचारिकता पूरी की और ना इसकी जांच और कार्रवाई की जरूरत समझी। वर्तमान में शहर के अधिकांश दवा दुकानों में दवाओं की कीमतों में भारी छूट वाले डिस्प्ले बोर्ड साफ नजर आ रहे हैं। नियम के मुताबिक उपभोक्ताओं को आकर्षित करने विभिन्न कारोबारियों द्वारा दवा के दाम में भारी छूट संबंधी बोर्ड, फ्लेक्स, लीफ लेट आदि का वितरण करते है।

### छूट दी जा सकती है

दवा की कीमतों पर छूट दी जा सकती है मगर इसका प्रचार-प्रसार करना नियम के खिलाफ है। दवा दुकानों को सर्कुलर जारी किया गया था। आने वाले दिनों में।

- **संजय नेताम,** जिला सहायक औषधि नियंत्रक

### इसे लेकर आपत्ति

कारोबार बढ़ाने के लिए इस तरह का प्रचार-प्रसार किया जाता है। सरकारी योजनाओं वालेइस दवा दुकानों में भी ऐसा डिस्प्ले किया जाता है, इसे लेकर आपत्ति की गई है।

- **अश्वनी विग,** उपाध्यक्ष, रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

### प्रचार प्रसार करना उल्लंघन

दवाओं की कीमतों में छूट का प्रचार-प्रसार करना नियम का उल्लघंन है। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। एसोसिएशन इसे लेकर अधिकारियों से मुलाकात कर चुका है।

- **राहुल वर्मा,** प्रदेश सचिव, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन

## बिजनेस साइट

### वित्तीय समावेशन के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का तीन माह का अभियान प्रारंभ




**रायपुर।** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वित्तीय समावेशन योजनाओं को बढ़ावा देने तीन माह का विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत नए बैंक खाते खोले गए और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन किए गए। नवा रायपुर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबंधक डीएस राठौर और रायपुर की मेयर मीनल चौबे उपस्थित रहीं। अभियान के दौरान रि-केवाईसी, बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव तथा खातों में नामांकन अद्यतन जैसे कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व बीआर. रामाकृष्णा नायक व आरके केरकेट्टा ने किया। साथ ही नया रायपुर में आयोजित रिटेल क्रेडिट कैम्प में 52 करोड़ की राशि 570 लाभार्थियों को वितरित की गई।

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में दो साल की बच्ची का सफल इलाज



**रायपुर।** जन्म से आंखों की दुर्लभ समस्या से जूझ रही 2 साल 10 महीने की वामिया धीवर की जिंदगी में नई रोशनी लौटी है। पलक गिरने की बीमारी (प्टोसिस) के कारण वामिया की आंखों की पुतली ढकी रहती थीं, जिससे उसकी दृष्टि बाधित हो रही थी। परिजनों ने वामिया का इलाज श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में कराया, जहां वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रोहित राव ने सफल सर्जरी की। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. चारूदत्त कलमकर ने बताया कि प्टोसिस जैसे मामलों में समय पर इलाज बेहद जरूरी होता है।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने मंत्री टंकराम वर्मा से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल के हालिया विस्तार में मंत्री टंकराम वर्मा को उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, प्रभारी कुलपति आरआर बिराली एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राजेश तिवारी ने मंत्री श्री वर्मा से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने संस्था से संबंधित आधारभूत जानकारियां मंत्रीजी को दीं। मंत्रीजी ने यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों, विशेषकर शिक्षक प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे ज्ञान की सराहना की।

### साल्हेबाट गांव में 'एसबीआई ग्राम सेवा' योजना की शुरुआत



**रायपुर।** एसबीआई फाउंडेशन ने साल्हेबाट गांव में 'ग्राम सेवा' परियोजना की शुरुआत की। यह योजना समर्थन (एनजीओ) के सहयोग से चलाई जाएगी, जिसमें एसबीआई कैप सिक्योरिटीज लिमिटेड का सीएसआर फंड सहयोग कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका को सशक्त बनाना है। खलेमुरवेण्ड विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और ओपन जिम की स्थापना की गई। गांव में ग्राम सेवा केंद्र, महिलाओं के लिए सिलाई केंद्र, किसानों के लिए मार्केट शेड और युवाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र शुरू हुए। तीन मोबाइल सेवाएं-एसबीआई संजीवनी एम्बुलेंस, शालिहोत्रा एक्सप्रेस (पशु चिकित्सा) और स्वच्छता साथी वाहन भी शुरू की गईं।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटलः आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिए नई पहल



**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल ने हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित इलाज सुनिश्चित करने के लिए अपनी 24x7 सेवाओं को और सशक्त किया है। अस्पताल में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. दिनेश जैन और न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. छत्रपाल साहू के नेतृत्व में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही 28 अगस्त को एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मात्र 1999 रुपए में लीवर फाइब्रोस्कैन एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया जाएगा।

# गुरु खुशवंत को मंत्री बनाकर एससी को साधा नए समीकरण की काट खोजने में लगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल के विस्तार में आरंग से बीजेपी विधायक गुरु खुशवंत साहेब को भी मंत्री बनाया है। उनको मंत्री बनाकर बीजेपी ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। मंत्रिमंडल में मंत्री दयालदास बघेल पहले से थे। अब अनुसूचित जाति वर्ग के दो मंत्री बनाकर सतनामी समाज के प्रभावशाली युवा चेहरा होने के कारण यह कदम राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना गया। कांग्रेस अब बीजेपी के इस नए समीकरण का काट खोजने में लगी है, ताकि सतनामी समाज का वोट बैंक उनसे दूर न हो।

सतनामी समाज को लेकर जिस तरह का वोट बैंक कांग्रेस के पास है उसे भी भारतीय जनता पार्टी अपने तरफ खींचना चाह रही है। खास तौर से बलौदा बाजार में सतनामी समाज को लेकर के जिस तरह की घटना हुई थी इसमें डीएम और एसपी कार्यालय को आग लगा दिया गया था। कहा यह जा रहा था कि उसका नेतृत्व देवेंद्र यादव ने किया था। उसके बाद सतनामी समाज का वोट कांग्रेस के साथ ज्यादा जुड़ा हुआ माना जाता था उसे भी साधने की एक बड़ी कोशिश बीजेपी ने की है।

### बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक

दरअसल, गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाना छत्तीसगढ़ में बीजेपी का अहम कदम माना जा रहा है। वे छत्तीसगढ़ के सबसे प्रभावशाली धार्मिक और सामाजिक समूहों में से सतनामी समाज और गुरु घासीदास पंथ से आते हैं, जिसकी एससी के साथ-साथ अन्य समाज में अच्छी पकड़ है। छत्तीसगढ़ में एससी समुदाय की आबादी लगभग 13 से 14 प्रतिशत है, वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस वर्ग का अच्छा साथ मिला था, जिससे कांग्रेस सरकार बनाने में भी कामयाब हुई थी, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले गुरु खुशवंत साहेब कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए जिसका फायदा चुनावों में भाजपा को मिला।

### सतनामी समाज में पकड़ मजबूत

सतनामी समाज के भीतर अपनी पकड़ और विकास पर विशेष ध्यान के चलते आरंग विधानसभा में तेजी से उभरे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में खुशवंत साहेब अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। बीजेपी में शामिल होते ही पार्टी ने उन्हें आरंग से टिकट दिया था, जहां गुरु खुशवंत साहेब से ने कांग्रेस के कद्दावर नेता और तत्कालीन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को हराया था, जिसे छत्तीसगढ़ में बीजेपी की बड़ी जीत माना गया था।

# अब तक नहीं खुल सका सीबीडी स्टेशन का काउंटर कारण- रेगुलर यात्री सिर्फ तीन, टीटीई ही काटता है टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- आठ डिब्बों की मेमू रेल शुभारंभ के बाद से चल रही खाली

नवा रायपुर को आबाद करने कई तरह से पहल की गई। शहर को रेल यातायात से जोड़ने सीबीडी स्टेशन का शुभारंभ किया गया। मेमू ट्रेन का परिचालन भी प्रारंभ किया गया, लेकिन रेल का सफर भी लोगों को नवा रायपुर से जोड़ने में नाकाम रहा। शुभारंभ के बाद से सीबीडी स्टेशन का टिकट काउंटर अब तक नहीं खुल सका है। रेलवे के अफसर बताते हैं, यात्रियों की कम संख्या की वजह से इसे अभी नहीं खोला गया है। टीटीई हर दिन ट्रेन आने के पहले पहुंचता है और गिने चुने तीन चार यात्रियों के टिकट काटता है। स्टेशन के कर्मचारी बताते हैं, तीन या चार ही लोग ऐसे हैं, जो हर दिन रायपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद होते हुए सीबीडी स्टेशन और अभनपुर तक सफर करते हैं। किसी कारण अगर टीटीई समय पर नहीं पहुंचे तो यात्रियों को बेटिकट ही सफर करना पड़ता है। वापसी के समय भी तीन चार यात्री ही मेमू ट्रेन से लौटते हैं।

### मार्च 2025 में हुआ था शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 मार्च 2025 को रायपुर से नवा रायपुर के बीच मेमू ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया था। बिलासपुर की सभा में शामिल होने आए पीएम श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस रेलसेवा की शुरुआत की थी। दोनों शहरों के बीच रेल परिचालन का टिकट महज 10 रुपए है। राज्य सरकार की ओर से लगातार दोनों शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। रेल परिचालन भी इन प्रयासों का हिस्सा है।

### निर्माण पूरा नहीं

सीबीडी रेलवे स्टेशन का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। यात्रियों की संख्या कम है, इसलिए टिकट काउंटर अभी नहीं खोला गया है। ट्रेन पहुंचने के पहले टीटीई के माध्यम से टिकट देने की व्यवस्था की गई है।

- **अवधेश कुमार** त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

### ऐसी है ट्रेन की टाइमिंग

8 कोच वाली ट्रेन रायपुर स्टेशन से सुबह 9 बजे छूटती है। 9.37 बजे सीबीडी स्टेशन पहुंचती है। वहां से ट्रेन अभनपुर के लिए रवाना होती है। रायपुर स्टेशन से दूसरी ट्रेन शाम 4.20 बजे चलकर 4.57 बजे नवा रायपुर पहुंचती है। शाम 5.30 बजे अभनपुर पहुंचती है। 8 कोच वाली ट्रेन के अधिकतर डिब्बे वर्तमान में खाली रहते हैं। सीबीडी स्टेशन पर काम करने वाले कर्मचारी और कुछ अन्य लोग ही इसमें सफर करते हैं।

# व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- युवा कैट बिज़नेस मीट में मुख्य अतिथि एसएसपी लाल उमेद सिंह , विशेष अतिथि एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला रहे उपस्थित

युवा कैट की बिजनेस मीट का आयोजन राजधानी में सोमवार को किया गया। इस मौके पर एसएसपी लाल उमेंद सिंह मुख्य अतिथि और एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव और दुकानों की सुरक्षा के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने उदबोधन में सुझाव दिया कि व्यापारी समाज कुछ स्वयंसेवक/वार्डन बनाकर लोगों तक ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं।

युवा कैट प्रदेश प्रभारी अवनीत सिंह ,युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने बताया कि युवा कैट द्वारा आयोजित बिज़नेस मीट में व्याायरियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इस मौके पर अमित गुप्ता, भास्कर साहू, गिरीश पटेल,मितेश पटेल, बी एस परिहार, प्रकाश कोसारकर, प्रकाश मखीजा, प्रिंस जैन, रौनक पटेल, रोहित पटेल, सर्वेश दौलतानी, शैलेंद्र शुक्ला, तजीन्दर सैनी, त्रिलोचन साहू , विशाल वर्ल्यानी सहित युवा कैट के सदस्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



तीजहारिनों ने करूभात की रस्म निभाई...

## लाइव इवेंट

# हॉस्टल जीवन के अनुभवों को किया साझा व्यक्तिगत विकास पर ध्यान करे केंद्रित



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में नवप्रवेशित बीटेक, एमटेक और पीएचडी छात्रों के लिए चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार से की गई। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों से परिचित कराना है। पहले दिन के कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्र एवं परिजनों की उपस्थिति रही। इस वर्ष मुख्यमंत्री आईटी फेलोशिप योजना के तहत चयनित 25 छात्रों को भी संस्थान में प्रवेश दिया गया है। सत्र की अध्यक्षता संस्थान की सचिव निहारिका बारिक सिंह कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. भारतीदासन, मयंक अग्रवाल रहे।

### ट्रिपल आईटी में नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

प्रो. ओमप्रकाश व्यास ने छात्रों को संस्थान में प्रवेश के लिए बधाई दी और संस्थान की दस वर्षों की यात्रा व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान की अनुसंधान, प्लेसमेंट और नवाचार संबंधी प्रगति को साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि निहारिका बारिक सिंह ने हॉस्टल जीवन के अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को इन वर्षों को जीवन के सबसे मूल्यवान पल बताते हुए व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। वहीं डॉ. सोलाई भारतीदासन ने कहा कि प्रवेश रैंक दर्शाते हैं कि देश के श्रेष्ठ विद्यार्थियों ने ट्रिपल आई को चुना है। मयंक अग्रवाल ने युवाओं की सरकारी विभागों में डिजिटल नवाचारों के योगदान की आवश्यकता को समझाया। इसमें एकेडेमिक नीतियां, एंटी-रैगिंग पॉलिसी, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट प्रक्रिया, छात्र गतिविधियां और ईआरपी प्रणाली शामिल रहा।

## सिटी इवेंट

# स्ट्रीट डॉग्स को अपनाएं, घर मिलेंगे तो सड़कों से संख्या घटेगी



**रायपुर।** समाज में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर इन दिनों दो तरह की राय सामने आ रही है। एक ओर कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का समर्थन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई पेट लवर्स इस पर नाराजगी भी जता रहे हैं। इंटरनेशनल डॉग डे के अवसर पर हरिभूमि ने शहर के ऐसे डॉग लवर्स से बातचीत की, जो न केवल उनकी देखभाल करते हैं, बल्कि लोगों को यह भी बताते हैं कि स्ट्रीट डॉग्स के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सैंक्चुअरी के प्रेसीडेंट और फाउंडर संकल्प गायधनी ने कहा कि यदि इंसान अच्छा व्यवहार करे तो स्ट्रीट डॉग्स बेहद वफादार और दोस्ताना साबित होते हैं। उन्होंने पेट ओनर्स को जिम्मेदार बनने की सलाह देते हुए कहा कि जब उनके डॉग्स के पास कोई अनजान व्यक्ति आए तो मालिक को चाहिए कि पहले उन्हें बेल्ट से बांधकर या नियंत्रित करके रखें और धीरे-धीरे यह समझाए कि सामने वाला व्यक्ति नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

### दूसरे पेट्स से मिलाकर सोशलाइज कराएं

संकल्प गायधनी का कहना है कि डॉग्स नेचर का पार्ट हैं, इसको हटाना या डरना कोई समस्या का समाधान नहीं हैं। हमें सबसे पहले अपने अंदर से डर को हटाना होगा। इसके लिए स्ट्रीट डॉग्स को बिस्किट खिलाएं या अच्छे से व्यवहार करें, जिससें वे आपको पहचानें और काटें नहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सिखाएं या एनिमल सेंचुरी लेकर जाएं, जिससे उनका डर कम हो। नेचर के साथ पालतू जानवरों को भी हमें सुरक्षित करना होगा। उनका कहना है कि डॉग्स को प्यारा व केयर करें, इससे वो आपकी हिफाजत ही करते हैं। आगे बताते हैं कि जो घर में डॉग्स को पाल रहे हैं, वे अपने पेट्स को सोशलाइज कराएं जैसे दूसरे पेट्स, बच्चे व लोगों से मिलने दें। इससे डॉग्स धीरे-धीरे फ्रेंडली होते हैं।

### एनजीओ से लें ट्रेनिंग, पेट्स का जीते विश्वास

पेट्स वालंटियर चांदनी श्रीवास्तव ने बताया कि स्ट्रीट डॉग्स या अन्य डॉग्स को अडॉप्ट करने से पहले अच्छे से वैक्सीनेशन कराएं,



नियमित रूप से उनका डॉक्टर्स से चेकअप कराते रहें। घर, सोसाइटी में पेट्स के साथ फ्रेंडली व्यवहार करें। समय-समय पर पेट्स के एनजीओ जाएं और वहां से ट्रेनिंग लें, ताकि डॉग्स को संभाल सकें। उनका विश्वास जीतें, देखभाल के लिए घर पर पूरी एक किट रखें, खाने के लिए डॉक्टर्स की मदद लें। उन्होंने बताया कि डॉग्स छूने से ही पहचान जाते हैं, इसलिए उन्हें प्यार व केयर करें। उन्होंने बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट डॉग्स को अपनाना चाहिए, क्योंकि उनके खर्च कम होते हैं। साथ ही वफादार और दिमाग से तेज रहते हैं।

● मूर्तिकला भंडारों से शहर के गणेश पंडालों में विराजमान करने लाई जा रहीं गणपति प्रतिमाएं

# रंग-श्रृंगार से मिट्टी ने लिया गणपति का रूप, भक्तों को दिखी राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की झलक

गणेश चतुर्थी को लेकर शहरवासियों में अभी से खुशी का माहौल है। ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते युवा और बच्चे गणपति बप्पा की प्रतिमाएं मूर्ति भंडार से पंडालों तक फूलों से स्वागत करते लेकर आते दिख रहे हैं। शहर की सड़कों पर चारपहिया वाहनों पर सवार गणेश प्रतिमाओं नजर आती हैं। गणेश चतुर्थी से एक-दो दिन पहले गणेशोत्सव समितियां मूर्ति भंडारों से अपने ऑर्डर के अनुसार थीम बेस्ड गणेशजी की विविध रूप में आकार लिए भव्य व आकर्षक प्रतिमाएं पंडालों में ला रहे हैं।



**रायपुर।** शहर के माना स्थित श्रुति मूर्तिकला केंद्र के मूर्तिकार जयकिशन नायक ने बताया कि इन गणेश प्रतिमाओं को भक्तों की डिमांड पर मूर्तिकला केंद्र के कलाकारों ने अपनी कला-साधना, रंग व वेशभूषा श्रृंगार से किसी गणेश प्रतिमा को राधा-कृष्ण का रूप दिया है तो किसी को शिव-पार्वती की आकृति में ढाला है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, देश की सेना की वीरता को दिखाते ऑपरेशन सिंदूर जैसी थीम पर भी मिट्टी को आकार देकर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। यहां अलग-अलग देवी-देवताओं, शेर, चूहे, शेषनाग, मयूर, नंदी बैल की सवारी पर विराजित विष्णु भगवान, नरसिंह भगवान, बालकृष्ण, श्रीराम के रूप की झलक गणेश प्रतिमाओं में देखने को मिलेगी। माना मूर्तिकला केंद्र में ऑर्डर पर बनाई गईं लगभग 75 प्रतिशत बड़ी आकार की मूर्तियां शहर व प्रदेश के दूसरे शहरों के लिए रवाना हो चुकी हैं।

### पंडालों पर भक्तों का रतजगा शुरू

शहर के गणेश पंडालों में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों का रतजगा शुरू हो गया है। वे पंडालों में पहुंचीं गणेश प्रतिमाओं की देखरेख से लेकर पंडालों को इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स, झालर, तोरण आदि से सजावट करने में जुट गए हैं। समितियों के सदस्य गणेश चतुर्थी के दिन पंडालों में होने वाली पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण आदि की तैयारियां भी कर रहे हैं। रात में अब गणेश पंडालों में रोशनी व जगमगाहट दूर से आकर्षित कर रही है।

### पंडितजी को पहले से न्योता

गणेशजी की प्रतिमा की चतुर्थी के दिन शुभ मुहूर्त में स्थापना हो, इसके लिए पंडितजी को पहले से ही समिति के सदस्यों ने न्योता दे दिया हैं, ताकि बप्पा के प्रतिमा का विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हो सके। प्रतिमा स्थापना के साथ ही गणेश पंडालों में समिति के सदस्य अगले 10 दिनों तक गणपति बप्पा के पूजा-पाठ व भक्तों की सेवा में लीन रहेंगे।



### भक्ति की शक्ति के साथ सामाजिक संदेश भी

माना गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेशोत्सव हर साल भक्तों के लिए श्रद्धा-भक्ति व खुशियों का पल लेकर आता है।गणेश प्रतिमाओं के विविध रूपों में हमें भक्ति की शक्ति के दर्शन के साथ ही सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण संदेशों का जनमानस में प्रचार-प्रसार के साथ साकारात्मक ऊर्जा व खुशी का संचार होता है।

### घरों-दफ्तरों में भी स्थापित होंगी बप्पा की प्रतिमाएं

पंडालों की बड़ी गणेश प्रतिमाओं से दो से तीन गुना प्रतिमाएं घरों व दफ्तरों में भक्तों द्वारा स्थापित की जाएंगी। गणेशजी की छोटी प्रतिमाएं स्टॉल से भक्त खरीद रहे हैं, ताकि वे अपने घरों व ऑफिस में बप्पा को विराजित कर सकें। इसके अलावा साज-सज्जा की दुकानों पर भी भक्तों की काफी भीड़ उमड़ रही है।

## बप्पा के मनपसंद मोदक-लड्डू का प्री-ऑर्डर, खोवा और बूंदी से हलवाई तैयार कर रहे भोग

मोदक गणेशजी के सबसे प्रिय पकवानों में से एक है। ऐसे में बप्पा को उनके मनपसंद मोदक का भोग लगाने श्रद्धालुओं ने हलवाईयों को मोदक के प्री-आर्डर दिए हैं। अब शहर के हलवाई व मिष्ठान भंडार के संचालक बप्पा के लिए पूरे दस दिनों तक श्रद्धालुओं के ऑर्डर पर देशी घी से बने स्वादिष्ट मोदक उपलब्ध कराएंगे। इन्हीं स्वादिष्ट मोदक बप्पा को भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा गणेशजी को लड्डू भी बहुत पसंद हैं। ऐसे में मिष्ठान भंडारों एवं हलवाईयों के यहां मोतीचूर के लड्डू के भी थोक में ऑर्डर मिले हुए हैं। शहर के हलवाई लाइन गली, गोलबाजार, शास्त्रीबाजार रोड लाइन, सिविल लाइंस के मिष्ठान भंडारों में गणेश चतुर्थी के दो दिन पहले ही मोदक, मोतीचूर के लड्डू बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के एक मिष्ठान दुकान के संचालक राधेश्याम यादव ने बताया कि मोदक व मोतीचूर के लड्डुओं के दस दिनों के लिए शहर की गणेश समितियों ने प्री-ऑर्डर किए हुए हैं। मोदक में मुख्य रूप से कोकोनट मोदक, रोज मोदक, स्ट्राबेरी, काजू मोदक, केसर मोदक, बेसन मोदक, खोवे के मोदक के साथ बूंदी के मोदक की खूब डिमांड है। वहीं गणेश चतुर्थी पर नारियल लड्डू और तिल के लड्डू भी बड़ी श्रद्धा से भोग में अर्पित किए जाते हैं। गणेशजी को भक्तों द्वारा पूजा के दौरान मोदक का भोग लगाने से गणपति उन पर प्रसन्न होकर सुख-



समृद्धि प्रदान करते हैं। श्रद्धालुओं की डिमांड के अनुसार मोदक के वजन व उसके फ्लेवर तैयार किए जा रहे हैं। इस बार गणेश चतुर्थी का त्योहार 27 अगस्त को है यानी गणपति महाराज कल विराजमान होंगे। राजधानी में बप्पा का स्वागत करने धूमधाम से श्रद्धालुओं ने पूरी तैयारी कर ली है। शहर के चौक-चौराहों से लेकर घरों, दफ्तरों में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना का उत्साह देखने को मिल रहा है। साथ ही गणपति बप्पा की पूजा को लेकर भक्त काफी व्याकुल व उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### मोदक का सामान तैयार करने में लगते हैं 10 से 15 दिन

दुकान संचालक ने बताया कि यहां काजू का मोदक बनाया गया है। इसे बनाने में 10 से 15 दिन का समय लगा। गोलबाजार हलवाई लाइन गली सहित शहर के लगभग बड़े-छोटे मिठाई दुकानों पर बप्पाजी को भोग लगाने वाले मोदक बनकर तैयार हो गए हैं। दुकान संचालक ने जानकारी दी कि काजू का मोदक बनाने उन्होंने 15 दिनों तक मोदक और गणेशजी की मूर्ति बनाने का काम किया रहा। काजू के मोदक के अंदर ब्लू बेरी और केन बेरी डाली है। पांच ग्राम केसर डाली गई है, क्योंकि भगवान का श्रृंगार केसर से होता है। मोदक बनाने में काजू का इस्तेमाल किया गया है। बाजार में तरह तरह के मोदक बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। सबसे ज्यादा बूंदी के मोदक की मांग है।

### पांच सौ से लेकर नौ सौ रुपए प्रति किलो तक


मोदक की कीमत प्रति किलो पांच सौ रुपए से नौ सौ रुपए तक मिष्ठान दुकानों पर है। शहर में मिठाई की दर्जनों बड़ी दुकानें हैं। यहां हर तरह के मोदक व मिठाई तैयार होती है, लेकिन इन दस दिनों से मोदक विशेष रूप ये तैयार किए जा रहे हैं। मिठाई विक्रेता नितेश गुप्ता ने बताया कि उनके यहां नौ तरह के मोदक हैं। गणेश चतुर्थी पर एक दिन में पांच से सात किलो मोदक की बिक्री हो जाती है। सबसे ज्यादा मोदक की बिक्री विसर्जन के दिन होती है।

त्योहारी सीजन में बाइक के शो-रूम में एडवांस बुकिंग चल रही

# युवाओं में बाइक का बढ़ा क्रेज, हर महीने 6 लाख की बीएमडब्ल्यू बिक रही, 70 के दशक की बुलेट भी पसंद

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त पर शहर में बाइक प्रेमियों को पसंदीदा कलर और मॉडल की बाइक पाने के लिए ग्राहकों को दो-दो महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है, इसलिए शोरूम में एडवांस बुकिंग का दौर महीनों से शुरू हो गया है। शहर के दर्जनभर से अधिक शोरूम में गणेश पूजा पर्व पर बड़ी संख्या में बुकिंग दर्ज कराई गई है। इनमें सबसे ज्यादा मांग बुलेट, केटीएम और लेटेस्ट मॉडल इंटरसेप्टर 650 सीसी की ग्रे कलर बाइक की रही। महंगी बाइक अब लोगों के बीच स्टेटस सिंबल बन चुकी है। यही वजह है कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में होने के बावजूद महंगी बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक की बिक्री हर महीने बढ़ रही है। कम माइलेज के बाद भी बाइक राइडिंग के शौकीनों के लिए यह पहली पसंद बनी हुई है।





### शो-रूम पहुंची 6 लाख की स्पोर्ट्स बाइक

*बाइक राइडिंग के शौकीन युवाओं के लिए शहर के बाइक शो-रूम में 3 से 6 लाख तक की कीमत की बाइक पहुंच गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग ने बताया कि अब बीएमडब्ल्यू, हिमालया बाइक समेत हायाबुसा की बाइक महीने से 3 से 4 बिक रही हैं। युवाओं में स्पोर्ट्स बाइक को लेकर अब क्रेज बढ़ा है। पहले शो-रूम में महंगी बाइक केवल विशेष ऑर्डर पर मंगाई जाती थी, लेकिन अब मांग बढ़ने से शोरूम में डीलर बेचने के लिए भी इसे मंगा रहे हैं। रायपुर में ही हर महीने 4 से अधिक बीएमडब्ल्यू टॉप मॉडल बाइक बिक रही है, जिसकी कीमत 6 लाख तक है।*

पांच साल पहले शहर के बाइक शोरूम में केवल 70 हजार से 1 लाख तक ही बाइक नजर आती थी, लेकिन अब मांग और बिक्री बढ़ने से 10 लाख तक की बाइक शोरूम में आ चुकी है। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के मुताबिक, हर महीने 6 से 7 बीएमडब्ल्यू, हिमालया बाइक समेत हायाबुसा की महंगी बाइक्स की बिक्री हो रही है। इन बाइक की मांग इतनी हैं कि पसंदीदा कलर की बाइक खरीदने 2 महीने का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। रंगों के मामले में युवाओं में पहली पसंद ग्रे और फिर ब्लैक है। इसके बाद लाल और नीले रंग की बाइक की मांग है। इन दिनों ग्रे रंगों की बाइक की बुकिंग एडवांस में चल रही है।

### हर महीने 70 अधिक बुलेट की डिमांड

युवाओं में बुलेट का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। इस वजह से केवल राजधानी में हर महीने 70 से अधिक रॉयल एनफिल्ड बुलेट के अलग-अलग मॉडल की काफी मांग है। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के मुताबिक, लोग 90 हजार की बाइक नहीं खरीदकर दो से तीन लाख के बीच रॉयल एनफिल्ड की बुलेट खरीद रहे हैं। दूसरी बाइक्स की अपेक्षा बुलेट की कीमत भले ही ज्यादा क्यूं न हो। लेकिन शौक के आगे दाम में कोई फर्क नहीं पड़ता। यही वजह है कि युवा बुलेट ही पसंद कर रहे हैं।

### दो साइलेंसर वाली बाइक युवाओं की पहली पसंद

शहर में स्पोर्ट्स बाइक की तुलना में बुलेट की बिक्री अधिक बताई जा रही है। इसमें रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी से 650 सीसी बाइक की बिक्री अधिक है। इनकी कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए से शुरू होकर 3.50 लाख तक है। अभी लेटेस्ट मॉडल इंटरसेप्टर 650 सीसी में है। इसमें लगे दो साइलेंसर युवाओं को खूब पसंद आ रहे हैं। इसकी कीमत तीन लाख से ज्यादा है। इसी तरह क्लासिक, बुलेट, मेटर एनफील्ड के अलावा कई मॉडल हैं।

**समाज लाइव**

## छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह टिकरापारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव रहे, वहीं अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने की। रायपुर ग्रामीण विधायक एवं संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल साहू विशिष्ट अतिथि रहे। निर्वाचन अधिकारी रूपेश साहू ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि तीन दशक बाद समाज में निर्विरोध निर्वाचन होना गर्व का विषय है। चुनाव अक्सर मतभेद और खिंचाव लाते हैं, किंतु निर्विरोध निर्वाचन से विश्वास और सौहार्द्र का वातावरण बनता है, जिससे संगठनात्मक शक्ति दोगुनी होती है। अध्यक्षीय संबोधन में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यह निर्वाचन केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक परिपक्वता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से सामूहिक नेतृत्व की भावना से कार्य करने और समाज को चहुंमुखी विकास की दिशा देने का आव्हान किया।

### निर्विरोध निर्वाचन धन और समय की बचत

विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 12 उम्मीदवार होने के बावजूद वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में सभी ने सहमति बनाकर सामाजिक एकता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन धन और समय की बचत के साथ परस्पर सहयोग को सुदृढ़ करता है। यही परिपाटी ग्राम से जिला इकाई तक स्थापित होनी चाहिए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, तिलक साहू, साधना साहू, संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू, चंद्रावती साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू एवं बीना साहू शामिल हैं। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पूर्व मंत्री व प्रदेशभर से सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**पारंपरिक हरितालिका की धूम, पारण के बाद छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी की लेंगी स्वाद**

# तिजहारिनों ने करू भात की रस्म निभाई, आज निर्जला उपवास, सोलह श्रृंगार से करेंगी शिव-पार्वती की पूजा

**रायपुर।** देर रात तक बाजारों में चहल-पहल देखने को मिली। हर ओर पारंपरिक साज-सज्जा, गीत-संगीत और खरीदारी का उल्लास देखने को मिला। विशेष रूप से हाथों में मेहंदी, सोलह श्रृंगार और परंपरागत वेशभूषा में महिलाएं उत्साह में दिखीं। संस्कार, भावनाएं एवं सांस्कृतिक परंपरा से सराबोर सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं जीवनसाथी के लंबी उम्र के लिए पूजन करती दिखीं। जहां वह भगवान शिव व माता पार्वती को आराध्य मानकर रात 12 बजे से व्रत प्रारंभ की। व्रत से पहले घरों में व्रती महिलाओं ने आराध्य की उपासना कर पूजन अनुष्ठान किया, वहीं भगवान शिव और माता पार्वती की कथा भी सुनी। साथ ही गोलबाजार की मेहंदी दुकान में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। कतार में लगी दुकानों में दिनभर महिलाएं मारवाड़ी, ब्राइडल, वेस्टर्न डिजाइन में मेहंदी लगाई।

### आज घरों में ठेठरी खुरमी की महक

तीज महापर्व के दूसरे दिन महिलाएं घरों में सामूहिक रूप से एकत्र होकर तीजा रोटी तैयारी करती हैं, जो सुहागिन महिलाएं व्रत तोड़ते वक्त प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। मंगलवार को पूजन अनुष्ठान के साथ-साथ विशेष छत्तीसगढ़ी पकवान की महक प्रत्येक घरों में रहेंगी। जहां महिलाएं ठेठरी-खुरमी, मुठिया रोटी, चौसेला, लड्डू, अइरसा जैसे अनेक व्यंजन तैयार करेंगी।

*प्रदेशभर में हरितालिका तीज पर्व के पहले दिन ही रौनक देखने को मिला, जहां मायके आई महिलाएं अपने परिवारजनों संग तीज का पर्व मनाने में मग्न नजर आईं। इस पारंपरिक उत्सव की शुरुआत सोमवार को 'करू भात' की रस्म के साथ हुई, जो तीज व्रत से एक दिन पूर्व निभाई जाती है। रस्म निभाते हुए महिलाओं ने करेले की सब्जी का विशेष भोजन ग्रहण किया, ताकि अगले दिन के निर्जला उपवास के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। तीजा के मौके पर शहरभर के विभिन्न हिस्सों में मेहंदी, साड़ी, पूजन सामग्री और फूलों की दुकानों में भीड़ उमड़ पड़ी।*





### पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया तीज महोत्सव



महाराष्ट्र मंडल के सिविल लाइंस और चौबे कॉलोनी महिला केंद्रों में पारंपरिक और मनोरंजक गतिविधियों के साथ तीज महोत्सव मनाया गया। सिविल लाइंस केंद्र पर लोकमान्य तिलक की स्मृति में नाट्य प्रस्तुति हुई, जिसमें महिलाओं ने उनके प्रसिद्ध संवादों पर अभिनय किया। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में मीना विभूते, ऋतिका पटवर्धन और सीमा कानेटकर विजेता रहीं। वहीं चौबे कॉलोनी केंद्र में म्यूजिकल चेयर गेम में नीलिमा डोनगांवकर ने पहला स्थान प्राप्त किया। सावन क्वीन धनश्री पेंडसे को चुना गया।

### कल्चर एक्टिविटी यूथ एंड सोशल गेदरिंग कमेटी की मेहंदी प्रतियोगिता



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में सोमवार को कल्चर एक्टिविटी यूथ एंड सोशल गेदरिंग कमेटी द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने सुंदर व आकर्षक मेहंदी डिजाइन की। ज्यादातर प्रतिभागियों ने तीज पर्व की ट्रेंडी डिजाइन को लगाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीएससी से दुर्गा साहू, द्वितीय स्थान में अर्शप्रीत कौर व तृतीय स्थान के लिए योगेश्वरी विनर बनीं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए।

### मेहंदी प्रतियोगिता में 150 विद्यार्थियों दिखाया हुनर

दिशा कॉलेज में सांस्कृतिक समिति द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता जीतने के साथ उसके महत्व के बारे में जाना। प्राचार्य ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी में छिपी रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए इसका आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मेहंदी कई समृद्ध भावनाओं और मान्यताओं के साथ औषधीय जड़ी-बूटियों के ज्ञान को एक साथ लाते हुए समृद्ध भारतीय संस्कृति को दर्शाती है।



ऐसा कहा जाता है कि हाथों पर मेहंदी का गहरा रंग गहन प्रेम का प्रतीक है। यह प्रतियोगिता उनके बीच पारंपरिक मूल्यों की खोज और विकास के लिए आयोजित की गई थी। 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए की मोली महोबिया, द्वितीय बीसीए से अर्चिता सिंह और तृतीय बी-एड की तनुप्रिया यादव रहीं।

### अरेबिक और फ्यूजन मेहंदी डिजाइन बनाई



महिलाओं के सबसे बड़े पर्व तीज के लिए कई दिनों पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं, इसी तर्ज पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में प्री-तीज पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपने टैलेंट का प्रदर्शन करते हुए सुंदर मेहंदी से बेलबूटों फुल, पीकॉक वाली डिजाइन बनाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि ऐसे अवसर पर महिलाओं की मेहंदी में रुचि बढ़ जाती है और छोटे रोजगार के अवसर पैदा करती है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन व प्रतियोगिता छात्राओं को प्रेरित करने के लिए भी किए जाते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीजीडीसीए की तुलसी यादव, द्वितीय स्थान पर बीबीए की नम्रता राजवाड़े विनर बनीं। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए।

**सिटी लाइव**

## रोटरी क्लब ने 150 पौधे रोपे घुड़सवारी का लिया आनंद



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल ने लता मंगेशकर रिसॉर्ट भाठागांव परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से 150 पौधों का रोपण किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. नवीन बागरेचा ने बताया कि कार्यक्रम का विषय "वन मेंबर–वन प्लांट" रखा गया था। इसके तहत प्रत्येक सदस्य ने एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली की धरोहर है। कार्यक्रम में क्लब सचिव अमित खंडेलवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रणजीत सैनी, संयोजक संदीप अग्रवाल, बिट्टू भाटिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

### पर्यावरण संतुलन में योगदान दे सकें

परिवारजनों की सहभागिता को विशेष बनाने के लिए आयोजन स्थल पर घुड़सवारी और ईटीवी कार राइड जैसी गतिविधियों का भी आनंद लिया गया। इससे न केवल बच्चों और परिवारों का उत्साह बढ़ा, बल्कि क्लब सदस्यों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द्र भी मजबूत हुआ। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि सभी पौधों की देखभाल सामूहिक जिम्मेदारी होगी, ताकि वे आने वाले समय में बड़े होकर पर्यावरण संतुलन में योगदान दे सकें।

## पर्यूषण पर्व में भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन, श्रावक-श्राविकाओं की उमड़ी श्रद्धा



**रायपुर।** पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर रविवार को दादाबाड़ी में तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का भव्य जन्म वाचन आयोजित हुआ। प्रभु के जन्म वाचन का श्रवण कर श्रावक-श्राविकाओं ने पुण्य अर्जित किया और उत्साहपूर्वक इस अवसर का लाभ लिया। साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी महाराज साहब आदिठाणा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ यह आयोजन शहरभर के श्रावक-श्राविकाओं के लिए आध्यात्मिक आलोक लेकर आया। माता त्रिशला के 14 स्वप्नों का वाचन तथा प्रभु वीर की पालना जी का चढ़ावा कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। जन्मोत्सव के दौरान पूरा परिसर भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट रायपुर एवं आत्मोत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपरिवार समाजजन उपस्थित हुए। जन्मोत्सव के पश्चात साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन भी संपन्न हुआ, जिसमें समाजबंधुओं ने एक साथ धर्मलाभ के साथ सामूहिक सौहार्द का अनुभव किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली तथा आत्मोत्थान चातुर्मास समिति 2025 के अध्यक्ष अमित मुणोत ने जानकारी दी कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक साध्वीजी के प्रवचन का आयोजन भी हो रहा है।

### कांसे की थाली बजाकर दी बधाई



शासनप्रभाविका प्रवर्तिनी निपुणा श्री की सुशिष्या साध्वीश्री हंसकीर्ति की निश्रा में श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, एमजी रोड में भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का श्रवण कर पालना महोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव पर परंपरा अनुसार लाभार्थी कोचर परिवार महेंद्र, मीना, तरुण, सुषमा, मानस, गौरव, प्रेरणा, दिया, कल्प व गर्वित ने कांसे की थाली बजाकर समाज को जन्म की जानकारी व बधाई दी। मीना कोचर ने गुरुभगवंत व साध्वीजी से वाशक्षेप लेकर थाली ग्रहण की।

### परमात्मा का जन्म उत्सव नहीं, 'जन्म कल्याणक' है



भावोल्लास चातुर्मास समिति एवं विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास प्रवचनों की श्रृंखला में गुरु भगवंत ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि परमात्मा का जन्म "जयंती" नहीं कहलाता, बल्कि उसे "जन्म कल्याणक" कहा जाता है। गुरु भगवंत ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म मध्यरात्रि में हुआ था।

### आचार्य 108 शांति सागर महाराज का मनाया 70वां समाधि दिवस

रायपुर। श्रवण संस्कृति के उन्नायक और बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बराचार्य, चारित्र चक्रवर्ती आचार्य 108 शांति सागर महाराज का 70वां समाधि दिवस सोमवार 25 अगस्त 2025 को सम्पूर्ण भारतवर्ष के साथ ही सन्मति नगर फाफाडीह स्थित श्री खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस संबंध में जानकारी पंचायत अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने दी। उन्होंने बताया कि दिगम्बर जैन संप्रदाय का दस लक्षण पर्व (पर्यूषण पर्व) गुरुवार 28 अगस्त से प्रारंभ होगा। पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक संगीतमय पूजन होगा। सायं 7 बजे से संगीतमय महाआरती तथा 7.30 से 9.30 बजे तक पं. नितीन जैन के प्रवचन एवं तत्वचर्चा का आयोजन रहेगा। तत्पश्चात श्री सन्मति सौभाग्य हॉल में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## तकनीकों ने पारंपरिक सर्वेक्षण पद्धतियों को दी है नई दिशा



रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा "एडवांस सर्वेइंग और इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों" विषय पर पांच दिवसीय शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों से परिचय कराना और थ्योरी, प्रैक्टिकल ज्ञान के बीच की दूरी को कम करना है। इस मौके पर डॉ. एलके यदु ने सर्वेइंग को विश्व का सबसे प्राचीन व्यवसाय बताया और मिस्र के पिरामिडों जैसे ऐतिहासिक चमत्कारों के निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सर्वेक्षण तकनीकें उपग्रह, जीआईएस, यूएवी, और लेज़र स्कैनर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंच चुकी हैं।

### इंजीनियरिंग छात्रों के लिए हाईटेक सर्वेइंग वर्कशॉप

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण विभाग से विजय कुमार भतपहरी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग से प्रो. डॉ. एमके वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एलके यदु ने किया। डॉ. एमके वर्मा ने छात्रों को नवाचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि किस प्रकार डीजीपीएस, यूएवी और डिजिटल मैपिंग जैसी तकनीकों ने पारंपरिक सर्वेक्षण पद्धतियों को नई दिशा दी है। वहीं डॉ. एडी प्रसाद ने प्रशिक्षण की संरचना को विस्तार से समझाया, जिसमें पहले सत्र में सिद्धांत और दूसरे सत्र में प्रायोगिक कार्यशालाओं से संबंधित चर्चा की गई।

**इवेंट लाइव**

## रोटरी कास्मो साइन यूथ फेस्टिवल में 50 स्कूलों के 2000 विद्यार्थी निखारेंगे प्रतिभा



रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन एवं कोस्मो डिवाज के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा यूथ फेस्टिवल रोटरी कास्मो साइन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन आगामी 31 अगस्त को समता कॉलोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन को विशेष सहयोग इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर से प्राप्त है। कार्यक्रम में हर वर्ष की तरह इस बार भी रायपुर के 50 से अधिक विद्यालयों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। करीब 2000 विद्यार्थी कक्षा 6 से 12 तक विभिन्न विधाओं में ग्रुप डिस्कशन, डिबेट, ग्रुप डांस आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और सम्मानित पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

### विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता बढ़ाने आयोजन

ले. जनरल अशोक कुमार जिंदल, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ एम्स रायपुर आज रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक दीपक केड़िया एवं नीलेश गोयल ने उनके साथ पहुंचकर आयोजन का आधिकारिक पोस्टर जारी किया। कार्यक्रम के अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा, रोटरी कास्मो साइन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को पिछले 25 वर्षों से आत्मविश्वास, नेतृत्व और संवाद क्षमता से सशक्त करने का एक माध्यम है।

**माहेश्वरी महिला समिति एवं गोपाल मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में भक्तिमय कार्यक्रम**

**कार्नर न्यूज**

# ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन...



**रायपुर।** ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, महलों में पली बनके जोगन चली...इस गीत के भाव मीरा की कृष्ण भक्ति को दर्शाते हैं। जो महलों की राजकुमारी और प्रतिष्ठित राजपरिवार की बहू अपने जीवन के प्रारंभ से अंत तक कृष्ण प्रेम में जोगन बनी रहती हैं। यह दृश्य 'मीरा की भक्ति और प्रेम की लीला' नामक नृत्य नाटिका के दौरान देखने को मिला। मंचीय प्रस्तुति की शुरुआत मीरा और श्रीकृष्ण की प्रतिमा के संवाद जैसे मनमोहक दृश्य से हुआ, जहां मीरा स्नेहभाव से श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम को दर्शकों व राजपरिवार के समक्ष बयां करती हैं।





**राधा अष्टमी के खास पर्व पर सामूहिक नृत्य**

माहेश्वरी महिला समिति एवं गोपाल मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां नृत्य-नाटिका एवं राधा अष्टमी से पूर्व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य नाटिका की मंचीय प्रस्तुति के साथ की गई, जहां समाज की 25 महिलाओं ने मीरा के जीवन से संबंधित प्रत्येक प्रमुख किरदारों का अभिनय किया। यह आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया।

### दर्शकों के आंखों से छलके आंसू

मैं आपके दर्शन की प्रतीक्षा तो अपने जन्म से ही कर रही हूं....ये शब्द मीरा ने श्रीकृष्ण से संवाद के वक्त कहे। नाटक के दौरान मीरा का किरदार निभा रही स्मृति चांडक की प्रस्तुति देख दर्शकों की आंखों में आंसू छलक उठे। जहां सभी श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के विग्रह स्वरूप को देखकर सभागार भक्ति रस में सराबोर नजर आ रहा था। ऐसे में मीरा के बालिका स्वरूप को भी दिखाया गया। लगभग 50 मिनट के नाटक का समापन मीरा के राजमहल त्यागने के दृश्य के साथ हुआ, जहां वह अंत में श्रीकृष्ण के भीतर ही समा जाती हैं।

### मैया यशोदा, ये तेरा कन्हैया... भक्तिमय गीतों से गूंजा सभागार



इस अवसर पर राधा अष्टमी महोत्सव को लेकर सामूहिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई, जहां कान्हा की मुरली..मैया यशोदा, ये तेरा कन्हैया...जो है अलबेला, मद नैनों वाला..जैसे अनेक भक्तिमय गीतों पर मंचीय प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर प्रतिभा नथानी, नीलिमा लड्ढा, ज्योति राठी, नंदा भट्टर, पुष्पा लाहोटी, वर्षा लाहोटी उपस्थित रहीं।

## ज्योतिष

# गणेश चतुर्थी से पहले घर से बाहर कर दें ये चीजें, गणपति बप्पा खुद पधारेंगे घर



गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्यतौर पर यह उत्सव महाराष्ट्र में बेहद भव्य रूप में देखने को मिलता है। इस दिन लोग अपने घरों और पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना करते हैं और दस दिनों तक उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं। माना जाता है कि इस दौरान गणेश जी की पूजा से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास होता है।

इस वर्ष गणेश चतुर्थी का शुभ पर्व 27 अगस्त, बुधवार को मनाया जाएगा। यह दस दिन बेहद खास होते हैं, जिसके लिए लोगों ने तैयारी करना भी शुरू कर दिया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जिन्हें गणेश चतुर्थी से पहले घर से बाहर निकाल देना चाहिए।

## इन चीजों को घर में न रखें

**टूटी-फूटी या खंडित मूर्ति :** वास्तु शास्त्र में यह बताया गया है कि घर में कभी भी टूटी-फूटी या खंडित मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। इसलिए अधिक पुरानी मूर्तियों को भी घर में रखना शुभ नहीं माना जाता। अगर ऐसी मूर्तियां आपके घर में हैं, तो उन्हें आदरपूर्वक किसी नदी या बहते जल में प्रवाहित कर दें।

**अनावश्यक वस्तु :** गणपति स्थापना से पहले घर की अनावश्यक वस्तुओं को जरूर हटा देना चाहिए। वास्तु के अनुसार बेकार पड़ा सामान घर में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ा सकता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ पुराने और अनावश्यक सामान को भी बाहर निकाल देना चाहिए।

**खराब या रुकी हुई घड़ी :** वास्तु के अनुसार, घर में खराब या रुकी हुई घड़ी रखना अशुभ माना जाता है। इससे घर में दरिद्रता और दुर्भाग्य का वास हो सकता है। यदि आपके घर में कोई घड़ी खराब है तो उसे तुरंत ठीक करवा लें या फिर उसे हटा दें।

**चढ़ाए गए फूल, माला :** गणपति पूजा के लिए बनाए गए स्थल को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। पूजा के दौरान चढ़ाए गए फूल, माला और पत्ते कई दिनों तक वहीं रखना वास्तु के अनुसार शुभ नहीं माना जाता है। पूजा स्थल की नियमित सफाई करने और उसे पवित्र बनाए रखने से बप्पा की कृपा प्राप्त होती है और पूजा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती।

# घर में शुभता और समृद्धि लाते हैं ये तीन पुष्प और पौधे



वास्तु के अनुसार कई पुष्पों के पौधे ऐसे बताए गए हैं जो परिवार की तरक्की और सुख-समृद्धि में सहायक होते हैं। इनमें अपराजिता, पारिजात और कमल के पौधे सबसे शुभ माने जाते हैं।

वास्तु शास्त्र में पौधों का विशेष महत्व माना गया है। यह न केवल घर की शोभा बढ़ाते हैं, बल्कि घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। जिस घर में शुभ पौधे लगाए जाते हैं, वहां सौभाग्य, स्वास्थ्य और शांति का वास होता है। वास्तु के अनुसार कई पुष्पों के पौधे ऐसे बताए गए हैं जो परिवार की तरक्की और सुख-समृद्धि में सहायक होते हैं। इनमें अपराजिता, पारिजात और कमल के पौधे सबसे शुभ माने जाते हैं।

**अपराजिता का पौधा :** अपराजिता एक बेलनुमा पौधा है, जिसके नीले और सफेद रंग के फूल आकर्षक लगते हैं। धार्मिक मान्यता है कि यह फूल माता लक्ष्मी को प्रिय है। घर में अपराजिता लगाने से वातावरण में पवित्रता बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना गया है। इस पौधे से घर के सदस्यों को मानसिक शांति मिलती है और संतान सुख में वृद्धि होती है। अपराजिता का फूल भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को अर्पित करने से धन-संपदा की वृद्धि होती है और घर में कलह-कलेश नहीं रहता।


**पारिजात का पौधा :** पारिजात को हरसिंगार भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार यह पौधा समुद्र मंथन से उत्पन्न हुआ था और इसे स्वर्ग से धरती पर लाया गया। इसके फूल सुबह जमीन पर गिरते हैं, इसलिए इसे 'स्वर्ग का फूल' कहा जाता है। वास्तु शास्त्र कहता है कि यदि इसे आंगन या मुख्य द्वार के पास लगाया जाए तो यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और बुरी शक्तियों को दूर करता है। पारिजात के फूल भगवान शिव और विष्णु दोनों को अर्पित किए जाते हैं, जिससे घर में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहती है।

**कमल का पौधा :** कमल शुद्धता और सौंदर्य का प्रतीक है। हिंदू धर्म में देवी लक्ष्मी और भगवान ब्रह्मा दोनों को कमल पर विराजमान बताया गया है। घर में कमल का पौधा लगाने से लक्ष्मी कृपा प्राप्त होती है और धन-धान्य की वृद्धि होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कमल को घर की पूर्व या उत्तर दिशा में लगाना लाभकारी है।

## माइग्रेन से पीड़ित हों तो हर एक दिन चुनौतीपूर्ण हो जाता है

# सिर्फ दवाइयां नहीं, ये आदतें बनेंगी माइग्रेन की असली दवा

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में आप कई जिम्मेदारियां निभाती हैं। घर, ऑफिस, बच्चे और रिश्तों के बीच सामंजस्य भी बनाना भी आपका ही काम होता है। ऐसे में आप माइग्रेन से पीड़ित हों तो हर एक दिन चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि माइग्रेन में सिर्फ सिर दर्द नहीं होता, बल्कि यह मतली, थकान और रोशनी या आवाज से संवेदनशीलता भी साथ लाता है। हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार, दवाओं और सही जीवन-शैली से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।



### सुबह की शुरुआत

दिन की पहली घड़ी पूरे दिन की ऊर्जा को तय करती है, इसलिए रोज तय समय पर उठने की आदत डालें, चाहे छुट्टी ही क्यों न हो। जागते ही तुरंत फोन या स्क्रीन न देखें। कुछ मिनट स्ट्रेचिंग के बाद 10-15 मिनट योग या ध्यान के लिए निकालें। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी जैसे प्राणायाम तनाव कम करके माइग्रेन की तीव्रता को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

### नाश्ता बेहद जरूरी

खाली पेट रहना माइग्रेन को तेजी से ट्रिगर करता है, इसलिए नाश्ते को मिस न करें। पौष्टिक नाश्ते का ही सेवन करें, जैसे- ओट्स, दलिया, फल या मूंग दाल चीला आदि। चाय-कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि अधिक कैफीन भी इस सिर दर्द को बढ़ा सकता है।

### स्क्रीन से दोस्ताना दूरी

लगातार स्क्रीन देखना माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। लेकिन, ऑफिस में लगातार स्क्रीन देखना आपकी मजबूरी है। ऐसे में हर 30 मिनट में 1-2 मिनट के लिए स्क्रीन से नजर हटाएं। आपकी पीठ सीधी रहे, स्क्रीन आंखों के लेवल पर हो और पैर जमीन पर टिके हों।

### सही दिनचर्या और पौष्टिक आहार

राम मनोहर लोहिया अस्पताल, दिल्ली में न्यूरोलॉजी में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के.एस. आनंद कहते हैं, घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी के बीच माइग्रेन को संभालना आसान नहीं होता, लेकिन सही दिनचर्या, पौष्टिक आहार, पर्याप्त पानी और तनाव को कम करने की आदतें अपनाकर इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि आज का युवा वर्ग दवाइयों पर अधिक निर्भर हो गया है, जबकि वे केवल अस्थायी राहत देती हैं। अगर आप वाकई इस दर्द से राहत चाहती हैं तो अनुशासित जीवन-शैली अपनाएं। काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें, मेडिटेशन करें और थोड़ी देर टहलें। समय पर भोजन करें और अत्यधिक ठंडे पेय या खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

### शाम का समय

पूरे दिन की भाग-दौड़ के बीच खुद को रिलेक्स करना जरूरी है। इसलिए हल्की वॉक, बागवानी, पेंटिंग या कोई अन्य काम करें, जो आपको सुकून दे।

### सबसे जरूरी नींद

माइग्रेन के मरीजों के लिए पर्याप्त नींद दवा से कम नहीं है, इसलिए 7–8 घंटे की नींद लें। सोने से पहले स्क्रीन से दूरी बनाएं, कमरे की रोशनी हल्की और माहौल आरामदायक रखें।

# क्या होगा अगर रोज पंपकिन सीड्स खाने लगे महिला-पुरुष दोनों के शरीर में दिखते हैं ये अंतर

हेल्दी रहना है तो नट्स एंड सीड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। पंपकिन सीड्स को डाइट में शामिल करने के बारे में काफी बार सुना होगा। लेकिन, अगर अभी तक आप इस मल्टीन्यूट्रिशन से भरपूर सीड्स को नहीं खाते हैं। तो जरा इसके फायदे जान लें। थायराइड, गट और पीसीओएस जैसी बीमारियों के एक्सपर्ट डॉक्टर एड्रियन ने रोजाना पंपकिन सीड्स को खाने के फायदे के बारे में बताया है। जानें हर रोज अगर कद्दू के बीज खा लिए तो क्या होगा शरीर पर असर।



**हार्मोनल बैलेंस को सपोर्ट करता है :** अगर आप हर दिन एक चम्मच के करीब पंपकिन सीड्स खाते हैं तो हेल्दी हार्मोंस को बैलेंस करके रखने में मदद करेगी। सबसे खास बात कि ये महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसे ही फायदेमंद है। पंपकिन सीड्स में जिंक, मैग्नीशियम और हेल्दी फैट्स होते हैं जो हार्मोंस को रेगुलट करने में मदद करते हैं।

**वजन को कंट्रोल में रखता है :** पंपकिन सीड्स के एक चम्मच अगर रोजाना खाए जाएं तो ये वजन को मैनेज करने में मदद करता है। दरअसल, पंपकिन सीड्स में फाइबर और नेचुरल फैट होता है। जिसकी वजह से इसे खाने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होता है।

**नेचुरल स्लीप में मददगार :** जिन लोगों को रात को नींद नहीं आती उन्हें डाइट में एक चम्मच पंपकिन सीड्स जरूर खाना चाहिए। इसमे मौजूद ट्रीपोटॉफोन और मैग्नीशियम नर्व्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। जिससे नींद की क्वालिटी में सुधार होता है।

**डाइजेशन में मदद :** अगर पंपकिन सीड्स की मात्र एक चम्मच मात्रा रोजाना खा ली जाए तो इसमें मौजूद हेल्दी फैट स्टूल को सॉफ्ट करने और फाइबर गट लाइनिंग के साथ ही कब्ज को दूर करने में मदद करता है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए रामबाण है यह फल, पाचन को भी बनाए बलवान

छत्तीसगढ़ में कई ऐसे फल और व्यंजन शामिल हैं, जो न सिर्फ स्वाद के लिए, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इन्हीं में से एक है, कैथ (वुड एप्पल), जिसका स्वाद हल्का खट्टा-मीठा होता है।आमतौर पर इसे नमक और मिर्च पाउडर लगाकर खाया जाता है और यह गर्भवती महिलाओं के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। माना जाता है कि कैथ फल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो गर्भवस्था के दौरान शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स प्रदान करता है।



### कैथ फल का स्वाद और सेवन का तरीका

कैथ का स्वाद हल्का खट्टा-मीठा होता है, जो इसे खास बनाता है। ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में लोग इसे नमक और मिर्च के साथ खाना पसंद करते हैं। यह स्वाद में लाजवाब होने के साथ-साथ पाचन के लिए भी अच्छा माना जाता है।

### गर्भवती महिलाओं की पहली पसंद क्यों?

कैथ में मौजूद कैल्शियम, आयरन और विटामिन सी जैसे तत्व गर्भवती महिलाओं के लिए फायदेमंद होते हैं। यह ना सिर्फ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि पेट संबंधी समस्याओं को भी कम करता है। यही वजह है कि गांवों में इसे गर्भवती महिलाओं को खाने की सलाह दी जाती है।



# 90 फीसदी से कम ऑक्सीजन लेवल है खतरे की घंटी

शरीर को स्वस्थ रखने, सभी अंगों के कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए हमें निरंतर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। शरीर में ऑक्सीजन का संचार बाधित होना कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। यही वजह है कि ऑक्सीजन को प्राणवायु भी कहा जाता है। क्या आपने कभी सोचा कि शरीर में अगर ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाए तो इसका सेहत पर क्या असर हो सकता है?

शरीर में ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से कम होने को मेडिकल की भाषा में हाइपोक्सीमिया कहा जाता है। ऑक्सीजन हमारे शरीर के लिए वैसी ही है जैसे आग के लिए ईंधन। बिना इसके शरीर का कोई भी अंग काम नहीं कर सकता। सामान्य तौर पर ब्लड ऑक्सीजन लेवल 95% से ऊपर होना चाहिए। अगर यह इससे कम होने लगे तो शरीर कई गंभीर संकेत देने लगता है जिसे बिल्कुल भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगातार ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से कम बने रहने से ब्रेन, हार्ट और किडनी जैसे अंगों पर नकारात्मक असर हो सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी

अब सवाल ये है कि आखिर किन स्थितियों में शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है? श्वसन और फेफड़ों से संबंधित रोगों के विशेषज्ञ डॉ प्रशांत कुमार बताते हैं, कई ऐसी स्थितियां हैं जिसके कारण ऑक्सीजन का स्तर प्रभावित हो सकता है।

फेफड़ों की बीमारियां जैसे अस्थमा, निमोनिया, सीओपीडी की समस्या से परेशान लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है।

इसके अलावा दिल की कमजोरी जिससे खून ठीक से पंप नहीं हो पाता इस वजह से भी कई लोगों में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है।

जिन लोगों में खून की कमी (एनीमिया) की दिक्कत है उनमें सभी अंगों तक ऑक्सीजन ले जाने वाले हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है, जिसके कारण भी हाइपोक्सीमिया होने का खतरा बढ़ जाता है।

डॉक्टर कहते हैं, शरीर का ऑक्सीजन लेवल गिरना एक गंभीर संकेत है जो हमें बताता है कि अंदर कहीं न कहीं गड़बड़ी है। अगर इसे समय रहते न समझा जाए तो इससे गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। डॉ प्रशांत बताते हैं, हमारे शरीर में ऑक्सीजन लेवल (SpO) फेफड़ों पर सबसे ज्यादा निर्भर करता है।

### इन कारणों को भी जानिए

शरीर का ऑक्सीजन लेवल गिरना कई अन्य कारणों का परिणाम भी हो सकता है इसलिए इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

खून की कमी (एनीमिया) से पीड़ित लोगों में लो ऑक्सीजन की समस्या बहुत आम है। एनीमिया में रक्त के माध्यम से ऑक्सीजन ले जाने वाले हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है। द लैंसेट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग अधिक वायु प्रदूषण वाले इलाकों में रहते हैं उनमें भी हाइपोक्सीमिया की दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। स्लीप एपनिया वाले मरीजों में अक्सर ऑक्सीजन लेवल गिरने की समस्या देखी जाती रही है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

VASTU LOGO कर सकता है आपके व्यापार में तरक्की
• क्या आपका व्यापार अच्छा नहीं चल रहा ?
• ऑफिस में नकारात्मकता जैसा माहौल है ?
• व्यापार में वृद्धि नहीं हो रही है ?
• कोई भी कार्य सफल नहीं हो रहा है ?
• काम बनते बनते बिगड़ जाता है ?
• ग्राहक से संपर्क टूट रहा है ?
आपके कंपनी के लिए सही अंक या सही रंग का चुनाव आवश्यकता है।
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
www.snitinnumerological.com info@urbt0111@gmail.com 7000074769

सफलता/ स्वास्थ्य की कुंजी है
Energy 'औरा' आभा
कुण्डली | स्वास्थ्य | पूजा पाठ
कुण्डली, 'औरा', पंचतत्व व स्वास्थ्य में एक साथ प्रमाणिक सुधार की अद्भुत विधि
जांच मात्र 300/- ऑनलाइन संभव
समझे बिना कहीं भी अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी
Office- 11 A, Ravi Nagar, Pandri Raipur Astrologywithaura.com you tube :astrology with aura 76919 06755, 98267 09504

UNLIMITED QUALITY FOOD
NEW MENU EVERY DAY
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21TH JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

SHREEJI INN HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL | ROOMS | CAFE & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
WE ORAGANISE : •CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY •MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
BOOKING NOW +91 9329744444 FOLLOW US
Ring Road No. 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## शूटिंग के दौरान सेट पर गिरे डिएगो बोरेला असिस्टेंट डायरेक्टर का हार्ट अटैक से निधन



लिली कॉलिन्स स्टारर मशहूर वेब सीरीज एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन इन दिनों इटली में शूट किया जा रहा है, लेकिन इसी बीच सेट से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। दरअसल शो से जुड़े असिस्टेंट डायरेक्टर डिएगो बोरेला का अचानक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय बोरेला वेनिस के एक होटल में चल रही शूटिंग के दौरान अचानक गिर पड़े और उन्हें बचाया नहीं जा सका। यह हादसा वेनिस के ऐतिहासिक होटल डैनिएली में हुआ, जहां टीम फाइनल सीक्वेंस की तैयारी कर रही थी। पीपल मैगजीन की खबर के मुताबिक चश्मदीदों के अनुसार बोरेला अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्थानीय चिकित्सक ने बाद में पुष्टि की कि उनकी मौत सडन हार्ट अटैक से हुई। इस घटना के बाद शो की शूटिंग को रोक दिया गया है। मेकर्स की ओर से अब तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन पूरी टीम गहरे सदमे में है। सीरीज की लीड एक्ट्रेस लिली कॉलिन्स और दूसरे कलाकारों की ओर से भी अभी कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि महज कुछ दिन पहले ही नेटफ्लिक्स ने 'एमिली इन पेरिस' सीजन 5 का फर्स्ट-लुक जारी किया था, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित थे। लिली कॉलिन्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'इटली में एमिली की जर्नी जारी रहेगी और इस बार कहानी रोम और वेनिस की खूबसूरती के बीच आगे बढ़ेगी।'

### टॉलीवुड

## सोनाक्षी की साउथ फिल्म जटाधरा का हिस्सा बनीं दिव्या खोसला



साउथ फिल्में अब पैन इंडिया के लिए बन रही हैं। जल्द ही साउथ के नामी कलाकारों के साथ जटाधरा फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला भी नजर आएंगी। मेकर्स ने दिव्या के लुक का एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उनके किरदार के नाम की जानकारी भी दी है। जटाधरा फिल्म में मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें दिव्या साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही पोस्टर पर उनके किरदार का नाम सितारा लिखा है। वह पोस्टर में कहीं खोई सी नजर आ रही हैं। इस फिल्म में साउथ एक्टर सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। वह एक शिव भक्त का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं। साउथ फिल्म 'जटाधरा' का टीजर भी हाल ही में रिलीज हुआ। इसमें सोनाक्षी सिन्हा का लुक काफी चर्चा में बना रहा। फिल्म के टीजर में वह रौद्र अवतार में देखीं। सोनाक्षी जो किरदार फिल्म में निभा रही हैं, वह हटकर है। टीजर में इस किरदार के माथे पर लाल तिलक नजर आया, भारी-भरकम गहने पहने और हाथ में तलवार लिए वह दिख रही हैं। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं। फिल्म जटाधरा एक पौराणिक कहानी पर आधारित है।

### भोजपुरी

## रानी चटर्जी ने शेयर किया 'सास बहू चली स्वर्गलोक' का वीडियो



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा रानी चटर्जी हमेशा अपने अभिनय और अलग अंदाज के लिए चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'सास बहु चली स्वर्गलोक' की शूटिंग के दौरान का एक मजेदार बीटीएस यानी 'बिहाइंड द सीन्स' वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। यह वीडियो देखने में जितना मजेदार है, उतनी ही दिलचस्प इसमें दिख रही पर्दे के पीछे की मेहनत और मस्ती है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में रानी चटर्जी शुरुआत में बताती है, 'मैं शूट कर रही हूं अर्थी का सीन... जिसमें मैं मर गई हूं।' इसके बाद वह सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में अर्थी पर लेटी हुई नजर आती हैं और आसपास फिल्म की टीम मौजूद है। वीडियो में आगे रानी कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती हैं और मजाक करने लगती हैं, जिससे पूरा माहौल मजेदार हो जाता है। रानी वीडियो में कहती हैं, 'मैं ऐसा सीन दूसरी बार कर रही हूं। इससे पहले मैंने फिल्म मैं प्रेम की दीवानी में ऐसा सीन किया था।' वहीं वह चिलचिलाती गर्मी से परेशान होती भी नजर आई। वह वीडियो में कहती हुई दिखती है कि गर्मी बहुत ज्यादा है। इस दौरान सेट पर मौजूद टीम का एक मेंबर रानी को पोर्टेबल फैन से हवा देने लगता है ताकि उन्हें कुछ राहत मिले। इस बीच पीछे से किसी की आवाज आती है- 'डेड बॉडी को हवा दी जा रही है।' यह सुनकर रानी और आसपास की टीम हंसने लगते हैं। वीडियो में न सिर्फ रानी बल्कि फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। कोई कैमरे के पीछे है, तो कोई सीन की तैयारी कर रहा है। रानी ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सास बहू चली स्वर्गलोक' देखने में जितना मजा आया, उससे कई गुना ज्यादा मजा शूट करने में आया।

## लाइफ स्टाइल

### गुलाबो रानी बन छाईं अनन्या

स्टाइल और ठाठ दिखाने की बात आए तो अनन्या सबको पीछे छोड़ देती हैं। उनके कपड़ों से लेकर बैग तक, एक- एक चीज सुपर एक्सपेंसिव होती है। पुनीत बालाना की 10वीं एनीवर्सरी पर वो शोस्टॉपर बनीं, तो लोग उनका कॉन्फिडेंस देखते रह गए। अनन्या ने जो लहंगा पहना वो भी काफी सुंदर दिखा। पेस्टल और लाइट शेड की जगह एक्ट्रेस फोटोज में गुलाबी रंग का लहंगा पहनी दिखीं। जिससे उनका लुक अट्रैक्टिव और वाइब्रेंट बना। चांदी से बना लहंगा पहनी अनन्या की तस्वीरों में सुहाना मौसम, बैकग्राउंड में मोर और साथ में उनकी खूबसूरती देख फैंस इंप्रेस हो गए हैं।




## इन स्किन केयर ट्रीटमेंट से जितना हो सके रहना चाहिए दूर

स्किन केयर आजकल हर किसी की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन हर चमकदार पैकेजिंग या क्लिनिक ट्रीटमेंट आपकी त्वचा के लिए सही नहीं होता। कई बार हम जल्द निखार और ग्लो के चक्कर में ऐसे ट्रीटमेंट्स करवा बैठते हैं जो कुछ समय बाद साइड इफेक्ट्स, त्वचा की प्राकृतिक बनावट में बदलाव, या यहां तक कि स्थायी नुकसान तक पहुंचा सकते हैं।

अगर आप सच में नेचुरल ग्लो और हेल्दी स्किन चाहती हैं, तो आपको यह जानना जरूरी है कि कौन-से स्किन केयर ट्रीटमेंट्स से दूरी बनाना ही बेहतर है। इस लेख में हम ऐसे कुछ आम लेकिन नुकसानदेह ट्रीटमेंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिनसे बचना आपकी स्किन के लिए फायदेमंद रहेगा।

**फेयरनेस ट्रीटमेंट :** यदि आपको ऐसा लगता है कि फेयरनेस ट्रीटमेंट से आपकी स्किन का रंग गोरा हो जाएगा, तो ये आपकी गलतफहमी है। कभी भी कोई भी स्किन केयर ट्रीटमेंट आपके रंग



को गोरा नहीं कर सकता। यदि कोई पार्लर ऐसा दावा कर रहा है तो उसके बहकावे में आकर अपना समय और पैसा बर्बाद न करें। इस तरह की ट्रीटमेंट में कई बार काफी हैवी केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं।

**अनप्रोफेशनल जगह से लेजर ट्रीटमेंट :** आजकल महिलाएं शरीर से अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। यदि आप भी ऐसा कुछ प्लान कर रही हैं तो उसके लिए क्लीनिक का चयन सोच-समझ के करें, क्योंकि हर क्लिनिक में कराया गया लेजर ट्रीटमेंट सेफ नहीं होता।

### बार-बार ब्लीच करवाना

त्वचा की टैनिंग हटाने के लिए बहुत से लोग ब्लीच का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बार-बार ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि ब्लीच से स्किन की ऊपरी लेयर को नुकसान पहुंच सकता है और यह समय से पहले एजिंग बढ़ा सकता है। कई बार तो बार-बार ब्लीच के इस्तेमाल से त्वचा की परत अपने आप ही पतली होने लगती है, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

### ग्लूटाथियोन इंजेक्शन

इस इंजेक्शन का इस्तेमाल स्किन टोन बदलने से लेकर एजिंग के लक्षणों को छिपाने तक के लिए किया जाता है। भले ही ये ट्रीटमेंट स्किन टोन को बदलने का दावा करते हैं, लेकिन इनके साइड इफेक्ट्स किडनी और लिवर तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए जितना हो सके, ऐसे इंजेक्शन से दूर ही रहें।

## क्या है ये को-ऑर्ड सेट, जो लड़कियों ही नहीं, लड़कों में भी पॉपुलर!

फैशन



फैशन की दुनिया में हर साल नए-नए ट्रेंड आते हैं और कुछ तो लंबे समय तक टिक जाते हैं। आजकल ऐसा ही एक ट्रेंड लोगों की पहली पसंद बन चुका है और वो है Co-ord Set. अगर आप सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं तो आपने जरूर देखा होगा कि बॉलीवुड से लेकर इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स तक, हर कोई इस स्टाइल को अपना रहा है। पहले ये सेट सिर्फ लड़कियों में ही पॉपुलर थे, लेकिन अब लड़के भी इसे बड़े स्टाइल के साथ पहन रहे हैं।

**को-ऑर्ड सेट आखिर है क्या :** को-ऑर्ड सेट का मतलब है ऐसे कपड़े जो एक-दूसरे से मैच करते हों. इसमें टॉप और बॉटम एक ही फैब्रिक, पैटर्न या कलर में होते हैं, जिससे लुक एकदम यूनिक और सिंक में दिखाई देता है। इन दिनों मार्केट में ढेर सारे डिजाइनर और ब्रांड्स स्टाइलिश को-ऑर्ड सेट लेकर आ रहे हैं जो कैजुअल, पार्टी, ऑफिस और ट्रैवल हर मौके के लिए परफेक्ट हैं।

**लड़कियों के बीच क्यों है फेमस :** लड़कियों को को-ऑर्ड सेट इसलिए पसंद आ रहे हैं क्योंकि इन्हें कैरी करना बहुत आसान है। ना तो मैचिंग की टेंशन और ना ही ज्यादा समय लगता है। स्टाइलिश प्रिंट्स, पेस्टल कलर्स और क्रॉप टॉप के साथ पैंट या स्कर्ट वाली स्टाइल इन्हें और भी ट्रेंडी बना देती है। खासकर कॉलेज गोइंग गर्ल्स और वर्किंग वुमेन इसे अपनी वार्डरोब में जरूर शामिल कर रही हैं।

**लड़कों के लिए नया स्टाइल आइकन :** अब लड़कों में भी को-ऑर्ड सेट का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। रिलैक्स्ड शर्ट और शॉर्ट्स या फिर पैंट्स के साथ मैचिंग जैकेट वाले सेट लड़कों के लिए एकदम मॉडर्न और कूल स्टाइल स्टेटमेंट बन चुके हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड एक्टर्स और मॉडल्स अक्सर एयरपोर्ट लुक या कैजुअल पार्टी में को-ऑर्ड सेट्स पहनते नजर आते हैं।

**हर मौके पर परफेक्ट :** को-ऑर्ड सेट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह हर मौके के लिए काम आता है। पार्टी, जिम, ट्रैवल – हर जगह के लिए अलग-अलग डिजाइन और फैब्रिक में ये सेट उपलब्ध हैं। सिंपल कॉटन सेट जहां समर के लिए परफेक्ट हैं, वहीं साटन या सिल्क वाले सेट पार्टी के लिए बेस्ट रहते हैं।

**क्यों बन रहा है फैशन ट्रेंड :** को-ऑर्ड सेट्स को लेकर फैशन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ये ट्रेंड इतना पॉपुलर इसलिए हुआ, क्योंकि इसमें कम मेहनत में ज्यादा स्टाइलिश दिखा जा सकता है। ये यूनिसेक्स ट्रेंड है यानी लड़के और लड़कियां दोनों इसे पहन सकते हैं। यही वजह है कि इंटरनेशनल ब्रांड्स से लेकर इंडियन डिजाइनर्स तक इस पर जोर दे रहे हैं।

## प्लाजो-सूट के ये फैंसी डिजाइन, डेली वियर से लेकर स्पेशल मौकों के लिए हैं

हम आपके लिए प्लाजो सूट के कुछ लेटेस्ट, फैंसी और ट्रेंडी डिजाइन ले कर आए हैं। सूट की शॉपिंग से ले कर स्टिचिंग तक, यहां से आप आइडियाज ले सकती हैं।

### प्लाजो सूट के फैंसी डिजाइन

प्लाजो सूट आजकल लड़कियों का फेवरिट एथनिक आउटफिट बन गया है। सिंपल सा कारण ये है कि प्लाजो देखने में जितने स्टाइलिश लगते हैं, पहनने में उतने ही कंफर्टेबल भी रहते हैं। ज्यादातर महिलाएं डेली वियर के लिए भी आजकल प्लाजो स्टिच कराना ही पसंद करती हैं। यहां हम आपके लिए प्लाजो सूट के कुछ लेटेस्ट, फैंसी और ट्रेंडी डिजाइन ले कर आए हैं। सूट की शॉपिंग से ले कर स्टिचिंग तक, यहां से आप आइडियाज ले सकती हैं।



### पेस्टल शेड में लें सूट

आजकल पेस्टल शेड्स ट्रेंड में हैं और ये काफी क्लासी भी लगते हैं। ऐसे में आप पेस्टल शेड के सूट की शॉपिंग कर सकती हैं। ये सॉफ्ट पीच पिंक कलर भी काफी प्यारा लगेगा। ये सूट आप कहीं बाहर जाने में पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट सूट

फ्लोरल प्रिंट काफी ट्रेंडी है। खासतौर से समर्स के लिए पेस्टल शेड और फ्लोरल प्रिंट का कॉम्बिनेशन जबरदस्त रहेगा। इसका प्लाजो भी काफी घेरदार है और सिंपल भी है, ताकि लुक ओवर ना हो। ऐसे सूट डेली वियर से ले कर खास मौके पर पहनने के लिए परफेक्ट रहते हैं।

## साड़ी के साथ बनाएं ये 5 हेयरस्टाइल तारीफ करते नहीं थकेंगे पतिदेव

हरतालिका तीज का त्यौहार सुहागिनों के लिए बड़ा ही खास होता है। करवाचौथ की तरह इस दिन भी महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। जाहिर है इस दिन खूब सजना-संवरना भी होता है। अब सुंदर सी साड़ी तो आपने पहन ली, मेकअप भी कर लिया और मैचिंग ज्वैलरी भी पहन ली। लेकिन लुक तक तक फीका लगेगा, जब तक आप सही हेयरस्टाइल नहीं बनाएंगी। यहीं ज्यादातर महिलाओं को परेशानी भी होती है कि भला साड़ी के साथ कौन सा हेयरस्टाइल बनाएं। आपकी इसी समस्या को दूर करने के लिए हम लाएं हैं कुछ ट्रेंडिंग हेयरस्टाइल आइडियाज। ये आसानी से बन भी जाएंगे और देखने में बेहद सुंदर भी लगेंगे।



**गोटा पट्टी ब्रेड :** एक हेयरस्टाइल जो इन दिनों खूब ट्रेंड कर रहा है, वो है गोटा पट्टी वाली ब्रेड। वेडिंग सीजन में इस बार ये हेयरस्टाइल खूब छाया रहा। लहंगा, साड़ी हो या सूट ये हर ट्रेडिशनल वियर के साथ काफी फैंसी लगता है। बेस्ट बात है कि इसे बनाना भी आसान है।

**साइड ब्रेड बनाएं :** बालों को खुला रखना चाहती हैं, तो टॉप सेक्शन ले कर एक ब्रेड बना सकती हैं। बाकी बालों को यूं ही ओपन छोड़ दें। ये बहुत ही कम समय में और आसानी से बनाने वाला हेयरस्टाइल है। देखने में भी ये बेहद सुंदर लगता है। आप चाहें तो बालों को सॉफ्ट कर्ल भी कर सकती हैं। आगे से कुछ फ्लिक्स निकाल लें, बहुत ही खूबसूरत लुक आएगा।

**मेसी ब्रेड :** मेसी ब्रेड भी देखने में काफी सुंदर लगेगी। अगर आपके बाल हल्के हैं, तो ये हेयरस्टाइल उन्हें हेवी लुक देगा। मेसी ब्रेड बनाने के लिए बालों को बैक कॉम्ब करें ताकि एक टेक्सचर क्रिएट हो। ब्रेड आपको एकदम लूज बनानी है और बनने के बाद बालों को धीरे धीरे खींचकर एक मेसी और वॉल्यूम लुक देना है। लास्ट में थोड़ा सा हेयर स्प्रे या टेक्सचर स्प्रे मार कर, लुक को कंप्लीट करें।


**फूलों वाला बन :** बन हेयरस्टाइल पसंद करती हैं, तो ये फूलों वाला सुंदर हेयरस्टाइल ट्राई कर सकती हैं। तीज के मौके पर ये परफेक्ट रहेगा। आप अपनी पसंद के हिसाब से थोड़ा मेसी बन बना सकती हैं, या फिर स्लीक बन भी काफी अच्छा लगेगा।

कार्नर न्यूज

**श्रृंगार न सिर्फ सुहाग का प्रतीक हैं, बल्कि सौंदर्य और शुभता भी बढ़ाते हैं**

## तीज पर 16 श्रृंगार क्यों करती हैं सुहागिन महिलाएं! जानें इस दिन क्या-क्या पहनें

हरतालिका तीज 26 अगस्त को मनाई जाएगी। हरतालिका तीज का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास माना जाता है। इस दिन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाता है। मान्यता है कि इस मौके पर महिलाएं 16 श्रृंगार करने के बाद ही पूजा करती हैं। माना जाता है कि ये श्रृंगार न सिर्फ सुहाग का प्रतीक हैं, बल्कि सौंदर्य और शुभता भी बढ़ाते हैं। अगर आप पहली बार हरतालिका तीज मना रही हैं, तो जान लें सोलह श्रृंगार में कौन-कौन सी चीजें आती हैं और इनका क्या महत्व है।



### बिंदी और सिंदूर

माथे की बिंदी सिर्फ खूबसूरती नहीं बढ़ाती, बल्कि इसे आज्ञा चक्र पर लगाया जाता है, जिससे ध्यान और फोकस बेहतर होता है। वहीं सिंदूर, सुहाग और लंबी उम्र का प्रतीक है।इसे लगाने से माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है।

### काजल और मेहंदी

काजल आंखों को सजाने के साथ-साथ नजर दोष से भी बचाता है। पुराने जमाने में इसे घर पर बादाम से बनाते थे, जिससे आंखें स्वस्थ रहती थीं। वहीं, मेहंदी हाथों को ठंडक देती है और प्यार व सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती है।

### चूड़ियां और कुमकुम

रंग-बिरंगी चूड़ियों की खनक घर में पॉजिटिव एनर्जी फैलाती है। कुमकुम माथे पर लगाने से आध्यात्मिक शक्ति और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं।

### गजरा और मांग टीका

फूलों का गजरा न सिर्फ खूशबू फैलाता है, बल्कि मन को भी खुश कर देता है। मांग टीका माथे पर पहनने से एनर्जी बैलेंस रहती है और महिला ज्यादा आत्मविश्वासी महसूस करती है।

### नथ और झुमके

नथ पहनने के पीछे सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि सेहत से जुड़ी मान्यताएं भी हैं। कहा जाता है कि इससे महिलाओं का प्रजनन स्वास्थ्य अच्छा रहता है। वहीं, झुमके कान के एक्यूप्रेशर प्वॉइंट्स को एक्टिवेट करते हैं, जिससे शरीर हेल्दी रहता है।



### बाजूबंद, पायल और बिछिया

ये तीनों गहने सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि हेल्थ से भी जुड़े हैं। पायल और बिछिया पैरों के एक्यूप्रेशर प्वॉइंट्स को दबाते हैं, जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है।बाजूबंद हाथों की शोभा बढ़ाने के साथ ऊर्जा भी बढ़ाता है।

### आल्ता और इत्र

पैरों में लगाया जाने वाला आल्ता शुभता और सुंदरता दोनों का प्रतीक है। वहीं इत्र तन-मन को ताजगी और सुकून से भर देता है।

### आखिर क्यों जरूरी है 16 श्रृंगार?

दरअसल, सोलह श्रृंगार सिर्फ बाहरी सजावट नहीं है, बल्कि ये महिला की पूरी ऊर्जा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाता है। हरतालिका तीज पर इसे करने का मतलब है देवी पार्वती की तरह सौभाग्यशाली और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करना।